# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

एक लड़का अपने अनपढ़ पिता से : पिताजी, हिमालय कहां है... ?
पिता : बेटा अपनी मां से पूछो, तुम्हारी मां सारा सामान इधर-उधर रख देती है...।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला, कहा

# अब दिल्ली में पावरकट लगना आम बात हो गई

■ 'आप' ने दिल्ली में पावर कट को लेकर शिकायतों का अंबार लगने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में रोज लग रहे पावर कट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। 'आप' की वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा को सरकार चलाना नहीं आती हैं। भाजपा की 'विपदा' की दिल्ली को 24 घंटे बिजली देने की न नीयत है और ना ही योग्यता है। इसलिए लोग पावर कट से परेशान हैं। लोगों को 10 साल पहले के परिदृश्य याद रहे हैं। जैसे 10 साल पहले दिल्ली में लंबे-लंबे पावर कट लगते थे, वैसे ही भाजपा की सरकार आते ही लंबे-लंबे पावर लगने लगे हैं। जब मंत्री अफसरों के साथ बैठकर पूछेंगे कि पैसा कैसे आ सकता है तो अफसर भी पैसे बनाने के तरीके ही तलाश करते हैं। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार में दिल्ली की बिजली व्यवस्था पूरे देश में सबसे शानदार थी। यह बात खुद भाजपा की केंद्र सरकार ने मानी है। हमने दिल्ली में 24 घंटे बिजली देकर दिखाया है।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि 10 साल पहले तक दिल्ली लंबे-लंबे पावर कट के लिए जानी जाती थी। दिल्ली की हर महिला के हाथ में हाथ से चलने वाला पंखा होता था और वो अपने बच्चों को गर्मी के दिनों में हाथ से पंखा चलाकर सुलाती थीं। 10 साल पहले तक लंबे-लंबे पावर कट के कारण दिल्ली के हर घर में इनवर्टर हुआ करते थे। 10 साल पहले 2014 की गर्मियों में आखिरी बार दिल्ली में लंबे पावर कट देखे गए थे, जब 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब रहती थी।

आतिशी ने कहा कि फरवरी 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनने के बाद दिल्ली में पावर सप्लाई का परिदृश्य बदल गया।



'आप' की सरकार में दिल्ली की बिजली व्यवस्था पूरे देश में सबसे शानदार थी। यह बात खुद भाजपा की केंद्र सरकार ने मानी है, हमने 24 घंटे बिजली देकर दिखाया है : आतिशी

दिल्ली देश का इकलौता राज्य बन गया, जो बिना पावर कट के 24 घंटे बिजली देता रहा है। यह केंद्र सरकार के आंकड़े बता रहे हैं। 3 फरवरी 2025 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश डेटा बताता है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। केंद्र सरकार की कंज्यूमर सर्विसेस रेटिंग ऑफ डिस्कॉम्स की 2022, 2023, 2024 की रिपोर्ट भी दिल्ली में ऑपरेशनल रिलायबिलिटी और 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की बात करती है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियां हैं, जो 24 घंटे बिजली देती हैं। भाजपा की केंद्र सरकार के आंकड़े बता रहे हैं कि दिल्ली देश में सबसे बेहतरीन बिजली आपूर्ति देती है।

आतिशी ने कहा कि दिल्लीवालों को इन आंकड़ों की जरूरत नहीं है। दिल्लीवालों को पता है कि 24 घंटे बिजली आने की वजह से पिछले 10 साल में उनके घरों से इनवर्टर गायब हो गए। घर में पड़े- पड़े इनवर्टर खराब हो गए और न नए इनवर्टर खरीदने नहीं पड़े और ना ही हर साल बैटरी बदलनी पड़ी। दिल्ली में इनवर्टर और जनरेटर की जरूरत खत्म हो गई थी। लेकिन दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार पावर कट्स बढ़ रहे हैं। आज सोशल मीडिया पर दिल्ली में पावर कट को लेकर शिकायतों का अंबार है। लोग ट्वीट कर बताते हैं कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में 5 घंटे, किराड़ी में 3 घंटे, रोहिणी सेक्टर 22 में 6-8 घंटे, तिलक नगर में 8 घंटे, बुराड़ी में 4 घंटे, जगतपुर गांव में 8 घंटे, राजपुर खुर्द में 7 घंटे, करावल नगर में 2 घंटे का पावर कट हो रहा है।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार का स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर भी बता रहा है कि 1 मार्च से दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में लंबे पावर कट्स हो रहे हैं। 1 मार्च को समलखा, गौतम नगर, पोचनपुर द्वारका, हस्तसाल, लाजपत नगर-2, रजौरी गार्डन, नेब सराय, नांगलोई में एक घंटे से ज्यादा पावर कट हुआ। 2 मार्च को द्वारका, पंचशील एक्सटेंशन, मालवीय नगर, नवादा, डिफेंस कॉलोनी, उत्तम नगर, एम ब्लॉक ग्रेटर कैलाश में एक घंटे बिजली गुल रही। 3 मार्च को उत्तम नगर, घिटोरनी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी ईस्ट, जनकपुरी, कुतुब विहार, नजफगढ़, नंदनगरी, मीत नगर, मंडोली में एक घंटे से ज्यादा पावर कट रहा। 8 मार्च को पंजाबी बाग में 2 घंटे 44 मिनट, सनलाइट कॉलोनी में 2 घंटे 30 मिनट, पंचशील पार्क में 2 घंटे, बपरोला में 1 घंटे का कट हुआ। 9 मार्च को चाणक्य प्लेस में 2 घंटे, नवादा में डेढ़ घंटा, हस्तसाल में डेढ़ घंटा, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में 1 घंटा, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया में 1 घंटा, लाल कुआं में 1 घंटे बिजली गई। 10 मार्च को एल ब्लॉक संगम विहार में 3 घंटे 10 मिनट, पंजाबी बाग में 3 घंटे 8 मिनट, ट्रांजिट कैंप गोविंदपुरी में 2 घंटे, पॉकेट-1 सेक्टर 14 द्वारका में 1 घंटे 11 मिनट, बिंदापुर मटियाला में 1 घंटे 30 मिनट बिजली कटी। 11 मार्च को मालवीय नगर में 2 घंटे, नवादा में 1 घंटे 15 मिनट, रनहोला में 1 घंटे 20 मिनट का कट हुआ। 15 मार्च को बिंदापुर में 2 घंटे 22 मिनट बिजली गई।

## राजौरी गार्डन में 1.5 करोड़ रुपए की लागत से विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

■ नई पानी पाइपलाइन बिछने से लोगों को मिलेगा साफ व शुद्ध पेयजल

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के खाद्य आपूर्ति, पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1.5 करोड़ रुपए की लागत से कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों के तहत लगभग 30 लाख रुपए की लागत से नई पानी पाइपलाइन, संत नगर एक्सटेंशन गली नंबर 5 के पास और श्याम नगर एक्सटेंशन मेन रोड में डाली जा रही है। इसके अलावा, लगभग 82 लाख रुपए की लागत से विष्णु गार्डन और टीसी कैंप में सीवर लाइन के नवीनीकरण कार्य की शुरुआत हुई, जिससे इन इलाकों में सफाई और स्वच्छता की स्थिति में सुधार आएगा।

नई पानी पाइपलाइन बिछने से लोगों को साफ और शुद्ध पेयजल मिलेगा, जिससे गंदे पानी की समस्या खत्म होगी। वहीं, सीवर लाइन के नवीनीकरण से गंदगी और जलभराव की समस्या कम होगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी कम होंगे। इसके अलावा, लगभग 28 लाख रुपए की लागत से वार्ड नंबर 96 में छह से अधिक गलियों की सड़कों के सुधार और मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। इसमें तीतरपुर, डी ब्लॉक एक्सटेंशन, टैगोर गार्डन और राजौरी गार्डन के प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया है। माननीय मंत्री ने बताया कि इन सुधारों से सड़कों की स्थिति बेहतर होगी, जल निकासी की समस्या दूर होगी और नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



लोगों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा किया जा रहा है। हर गली व सड़क का सुधार विकसित दिल्ली' के हमारे सपने की दिशा में एक और कदम है : मनजिंदर सिंह सिरसा

इस अवसर पर माननीय मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि लोगों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा किया जा रहा है। हर गली और सड़क का सुधार विकसित दिल्ली' के हमारे सपने की दिशा में एक और कदम है। साफ पानी और सही सीवरेज व्यवस्था नागरिकों का बुनियादी हक़ है, और हम इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उन्हें बिजली, पानी, सफाई एवं सड़कों जैसी नागरिक सुविधाओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह पहल क्षेत्र को स्वच्छ, सुविधाजनक और बेहतर रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही मैं हमेशा राजौरी गार्डन की जनता के बीच उपस्थिति रहूंगा। दिल्ली सरकार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ व बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सार संक्षेप

### एक्सएलआरआई ने पीजीडीएम बैच के लिए रिकॉर्ड प्लेसमेंट किया हासिल

**नई दिल्ली।** ज़ेवियर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट एक्सएलआरआई ने पीजीडीएम बीएम और पीजीडीएम एचआरएम 2023-25 बैच के लिए अपने अंतिम प्लेसमेंट को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है, जो भारत के प्रमुख बिज़नस स्कूल के रूप में अपनी विरासत को मज़बूत कर रहा है। एक्सएलआरआई जमशेदपुर और एक्सएलआरआई दिल्ली एनसीआर कैम्पस से कुल 591 विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 172 भर्तीकर्ताओं ने 600 से अधिक ऑफ़र दिए, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय ऑफ़र और 41 नए भर्तीकर्ता शामिल थे। बाज़ार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद मीडियन माध्यिका वेतन 29 लाख रुपए प्रति वर्ष तक पहुंच गया। शीर्ष 10 प्रतिशत ने औसत 52.03 लाख रुपए प्रति वर्ष हासिल किया और शीर्ष 25 प्रतिशत ने 44.35 लाख रुपए प्रति वर्ष हासिल किया। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.10 करोड़ रुपए का था, जबकि उच्चतम घरेलू पैकेज 75 लाख रुपए प्रति वर्ष तक पहुंच गया। उद्योग जगत से संबंधित लोग एक्सएलआरआई प्रतिभा पर भरोसा करते हैं।

### हर साल 10 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद की बैठक में हर साल हरियाणा में 10 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली में 29 मार्च की शाम हुई बैठक के दौरान पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद हरियाणा के नए चेयरमैन भारत शर्मा ने पेड़ लगाने के लक्ष्य को लेकर कहा कि इसे लेकर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को सीधे अभियान से जोड़ कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर ही इस अभियान को आगे लेकर जाएंगे। परिषद के राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन लोगों ने जागरूकता लाने के लिए बड़े स्तर पर काम करने की बात कही।

### श्री बालाजी सेवा संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित



**नई दिल्ली।** श्री बालाजी सेवा संघ द्वारा विशाल बालाजी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालाजी के सेवादार अध्यक्ष नीतू बालाजी उपाध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा कोषाध्यक्ष गौरव साहनी, राजू सचदेवा अध्यक्ष साइन भक्त सभा राजेश मेहता एवं अन्य शामिल रहे। नीतू बालाजी का कहना है जो बालाजी के शरण में आया उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं, बोलो बालाजी महाराज की जय। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी अजय मेहता लकी भी मौजूद रहे।

## दिल्ली विधानसभा में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार, 31 मार्च को राज्य स्तरीय 'विकसित भारत



■ युवा संसद में दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग

युवा संसद' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल, रविंद्र सिंह नेगी और रविकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा, नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली के राज्य निदेशक लाल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक सर्वण कटारिया, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय बेनीवाल, आईआईटीएम की निदेशक डॉ. रचना राणा, और गीतकार अनिरुद्ध पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

युवा संसद में दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए थे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सार्थक अरोरा प्रथम स्थान, लावण्या कार्की द्वितीय स्थान, दिव्यांशी पांडा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो भारतीय संसद में आयोजित होगी।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह युवा संसद प्रधानमंत्री के उस सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जिसमें भारत की राजनीति में 1 लाख युवा नेताओं को लाने की परिकल्पना की गई है।

## भाजपा को 'नाम और छुआछूत' में विश्वास : प्रियंका कक्कड़

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) ने मांस विक्रेताओं को दुकान के आगे नाम लिखने पर सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने भाजपा पर जातिवादी मानसिकता रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह 'नाम और छुआछूत' की राजनीति में विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि मीट और मुर्गे की दुकानों के आगे पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम लिखे जाएं, ताकि उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया जा सके। भाजपा दलित, मुस्लिम और महिला विरोधी है और उसका जोर सिर्फ कमजोर तबकों पर ही चलता है। उन्होंने पूछा कि ये लोग केएफसी और मैकडोनाल्ड जैसी बड़ी कंपनियों पर कार्रवाई क्यों नहीं करते है।

## पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार लूटी गई कार व मोबाइल फोन बरामद

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। आदर्श नगर पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं और लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक ओला कैब ड्राइवर से लूटपाट और मारपीट की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई कार, मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल खंजर भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णु झा और दीपक के रूप में हुई है, जो पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

यह घटना 27 मार्च, 2025 को सुबह के समय हुई थी, जब एक ओला कैब ड्राइवर सतेंद्र पाल अपनी कार में पंचर ठीक कर रहा था। तब दो अज्ञात व्यक्ति आए और उसे जबरदस्ती अपनी कार में डाल लिया। उन्होंने सतेंद्र की बुरी तरह से पिटाई की और एक धारदार हथियार का इस्तेमाल करते हुए उससे पैसे की मांग की। दबाव



■ पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे गिरफ्तार बदमाश

में आकर, सतेंद्र ने एक जानकार के माध्यम से पैसे का ऑनलाइन भुगतान किया, लेकिन इसके बावजूद हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया और बाद में उसे जहांगीरपुरी के पास फेंक दिया। घटना के बाद सतेंद्र को अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आदर्श नगर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और एक विशेष टीम बनाई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए और गुप्त जानकारी जुटाई। तकनीकी निगरानी के बाद, पुलिस को लूटी हुई कार और मोबाइल फोन का पता चला। इसके बाद पुलिस ने मुकुंदपुर में एक जाल बिछाया, जहां कार और दोनों आरोपी दिखाई दिए। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान विष्णु झा (22 वर्ष) और दीपक (28 वर्ष) के रूप में हुई है।

## 'आप' नेता मीट मुर्गे पर बहस कर समाज के वर्ग विशेष को खुश करने में लगे : कपूर

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद भी आम आदमी पार्टी नेता बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान करने को तैयार नही हैं और जानबूझकर नवरात्र के पवित्र समय पर मीट मुर्गे पर बहस कर समाज के वर्ग विशेष को खुश करने में लगे हैं।



दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि 'आप' नेता प्रियंका कक्कड़ को अपने तर्क रखने से पहले जानना चाहिए की मीट की दुकानों पर मालिक का कारण छुआछूत नहीं बल्कि यह स्पष्ट करवाना है कि मीट किस पद्धति से कट रहा है क्योंकि मुस्लिम दुकादार हलाल पद्धति से कटा मीट बेचते है जो अधिकांश हिन्दू या सिख नही खाते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि मीट दुकान विषय पर बहस कर रहे नेता पहले अपनी ही पार्टी के पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान से पूछे आखिर क्यों पूरे पंजाब में मीट की दुकानों पर झटका या हलाल मीट शाप के साथ ही दुकान का नाम भी क्यों लिखवाया जाता है? काश पंजाब जैसे राज्य में शासन कर रही पार्टी के नेता बोलने से पहले इतना ज्ञान रखते की जो सिख एवं हिन्दू मीट खाते हैं वह केवल झटका मीट खाते हैं जबकि मुस्लिम दुकाने हलाल मीट बेचती है अत: यह आस्था से भी जुड़ा मामला है।

## भाजपा शासित शहरों में होती है अबाधित बिजली सप्लाई : सचदेवा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी मार्लेना को मालूम होना चाहिए की दिल्ली देश की राजधानी है और अगर यहां 24 घंटे बिजली अपूर्ति होती है तो यह कोई अनूठा काम नहीं है। भाजपा शासित मुम्बई, पुणे, अहमदाबाद, वड़ोदरा, बंगलोर और ना जाने कितने शहर हैं जहां भाजपा शासन से अबाधित बिजली सप्लाई होती है। उत्तर प्रदेश जिसे 2017-18 तक बिजली उत्पादन एवं सप्लाई में बीमार प्रदेश माना जाता था। वह आज रात दिन रोशन प्रदेश की तरह जगमगाता है। भाजपा नेता अपने राज्यों में अच्छी बिजली सप्लाई पर कोई ढोल नहीं पीटते क्योंकि 24 घंटे बिजली सप्लाई शासन का कर्तव्य ना की जनता पर कोई एहसान है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि सुश्री आतिशी मार्लेना आज जिस शानदार पावर सप्लाई का दावा कर रही हैं उसकी नींव दिल्ली में राष्ट्रपति शासन के दौरान 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरूण जेटली ने संसद में दिल्ली का



भाजपा नेता अपने राज्यों में अच्छी बिजली सप्लाई पर कोई ढोल नहीं पीटते क्योंकि 24 घंटे बिजली शासन का कर्तव्य है ना की जनता पर कोई एहसान : वीरेन्द्र सचदेवा

बजट पेश करते हुए रखी थी। दिल्ली वालों को अरूण जेटली का वो बजट भाषण भलीभांति याद है जिसमें उन्होने दिल्ली की खराब बिजली सप्लाई की स्थिती का जिक्र करते हुए इसके सुधार के लिए बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट पर जोर देते हुए रूपए 675 करोड़ की इन्वेस्टमेंट नए विद्युत प्लांट लगाने पर और रुपए 200 करोड़ दिल्ली में बिजली ट्रांसफार्मर एवं तारों के सुदृढीकरण पर केन्द्र की ओर से दिए थे।

## मच्छरजनित बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने कार्यालयों, संस्थानों और कार्य स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए निगम के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का कोई उपचार और टीका नहीं है इसलिए डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया से बचाव और नियंत्रण के लिए स्रोत पर एडिस मच्छरों का प्रजनन समाप्त करना एक मात्र उपाय है।

अश्वनी कुमार ने निगम द्वारा जारी परामर्शों में मच्छरजनित बीमारियों के बचाव और नियंत्रण के कदमों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने सभी सरकारी, स्वायत्त कार्यालयों, शिक्षा संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों, व्यापार संघों, आर.डब्ल्यू.ए के प्रमुखों को एक परामर्श जारी कर पहले से अधिसूचित कदमों पर तेजी से कार्रवाई करने को कहा। निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने व्यापार संघों और आर.डब्ल्यू.ए और पदाधिकारियों और कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुखों से यह सुनिश्चित करने का कहा है कि ओवर हैड और अन्य टंकियों को ढक कर रखा जाए, कूलर की पानी की टंकियों पर फिर पेंट किया जाए और पैड बदला जाए, कूलरों को सप्ताह में एक बार साफ कर सूखने दिया जाए, जिन कूलरों को खाली नहीं किया जा सकता उनमें एक चम्मच पेट्रोल या मिट्टी का तेल डाला जाए।

दिल्ली कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

# आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार थी शीला दीक्षित : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ किरण वालिया मीडिया कम्युनिकेशन अध्यक्ष अनिल भारद्वाज जतिन शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, धर्मपाल

■ कांग्रेस ने 1998 से 2013 के शीला दीक्षित कार्यकाल की कुछ प्रमुख उपलब्धियों को किया याद

चंदेल राजकुमार जैन हर्ष चौधरी आदेश भारद्वाज डॉ पीके मिश्रा जेपी पावर सुनील कुमार एडवोकेट आभा चौधरी श्री अशोक भसीन शामिल हुए।

देवेंद्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को याद करते हुए कहा कि स्व. शीला दीक्षित आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार थीं। उनके



नेतृत्व में दिल्ली ने बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका दृष्टिकोण हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर उन्होंने 1998 से 2013 के उनके कार्यकाल की कुछ प्रमुख उपलब्धियों को याद किया और बीजेपी की दिल्ली सरकार से उम्मीद करते हुए कहा के वह श्रीमती शीला दीक्षित द्वारा बनाए गए विश्वस्तरीय ढाँचें को और मजबूत बनाकर दिल्ली में विकास करेंगे ना की आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकारी के 11 वर्ष के कार्यकाल की तरह दिल्ली के संस्थागत डाँचे को बर्बाद करके केवल विज्ञापनों के द्वारा दिल्लीवालों को भ्रमित करने का काम करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा की श्रीमती शीला दीक्षित के द्वारा किए गए विकास के कार्यों की लंबी लिस्ट है।

### बुनियादी ढांचा विकास

दिल्ली में 65 से अधिक फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज और रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण, साथ ही 60 से अधिक फुटओवर ब्रिज और सबवे का निर्माण किया गया।

### जल और सीवरेज प्रबंधन

दिल्ली में जल आपूर्ति 591 एमजीडी से बढ़कर 850 एमजीडी हो गई, जबकि सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता लगभग 284 एमजीडी से 545 एमजीडी हो गई।

### बिजली सुधार

ठोस नीतियों के चलते दिल्ली में बिजली कटौती समाप्त हो गई और वितरण हानि 60 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत हो गई।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत संचालित किए जा रहे टीएसटीपी प्लांट के अंदर शोधित जल का पुन: उपयोग करते हुए औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। जिसको वाटर डाइजेस्ट तथा संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक विज्ञान और सांस्कृतिक संगठन द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के साथ शहर वासियों के लिए भी गर्व का विषय है : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त, गाजियाबाद।**

## नोएडा में बनेगा महाभारत, स्नो वर्ड थीम पर पार्क

- **एंटरटेनमेंट सिटी ने प्राधिकरण में जमा किया प्लान**
- **5000 लोगों को रोजगार, 2200 करोड़ का निवेश**



**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-38ए में एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड द्वारा थीम बेस्ड पार्क बनाने का प्लान प्राधिकरण के दिया गया है। बोर्ड में इस प्रस्ताव को लाया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि बकाया और अन्य शर्तों को पूरा करने के बाद कंपनी को यहां थीम बेस्ड पार्क बनाने का अवसर दिया जाएगा। ये एक ऐसा पार्क होगा जिसमें सालाना करीब 15 लाख लोग आएंगे। इसमें 5000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार मिलेगा। साथ ही 2200 करोड़ का निवेश होगा।

**ये है थीम बेस्ड पार्क बनाने का प्लान**

परियोजना के बारे में कंपनी ने अपना प्लान प्राधिकरण के समक्ष रखा। इसके तहत पूरा पार्क चार हिस्सों में बांटा जाएगा। पहले हिस्से में देश का सबसे बड़ा महाभारत थीम पर आधारित पार्क बनाया जाएगा। जिसमें राइडस होंगी। इससमें रामायण बेस पुष्पक विमान भी होगा। इस पार्क से करीब 3400 लोगों को रोजगार मिलोगा। करीब 1.15 करोड़ रुपए हर महीने राजस्व के रुप में आएगा।

दूसरे हिस्से में एक्यूरियम बनाया जाएगा। ये 9डी टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा। इसमें डाइविंग के अलावा 60 प्रकार के खेल होंगे। इसके जरिए 1.35 करोड़ का राजस्व मिलेगा। इससे 600 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रक्ष रुप से रोजगार मिलेगा। तीसरे हिस्से में स्नो वर्ड बनाया जाएगा। इसमें करीब 9 करोड़ रुपए का इवेस्ट होगा और 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। करीब 0.27 करोड़ का राजस्व प्रतिमाह मिलेगा। इसमें बर्फ से संबंधित खेल होंगे। चौथा हिस्सा फैमली एक्टिविटी के लिए होगा। इसमें भी 500 को रोजगार मिलेगा।

**इन शर्तों का करना होगा पालन**

इस प्लान को प्राधिकरण तभी मंजूरी देगा जब कंपनी द्वारा पहले का बकाया जमा कराया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कंपनी को चार बार में पहली बार में 566580 वर्गमीटर, दूसरी बार में 9900.1 वर्गमीटर, तीसरी बार में 2420 और चौथी बार में 17970 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई। इस जमीन के एवज में कंपनी ने 113 करोड़ 96 लाख 10 हजार रुपए का प्राधिकरण में जमा कराए। 31 मार्च 2025 तक कंपनी पर 164 करोड़ रुपए बकाया है। इसके अलावा 11.45 करोड़ जल सीवर के बकाया है। ये पैसा प्राधिकरण में जमा करना होगा।

**बोर्ड ने क्या कहा :** इस प्रस्ताव को प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड में रखा गया था। जिसमें कंपनी को निर्देश दिया गया था कि पूरे प्लान के साथ योजना को सब्मिट किया जाएगा। 217वीं बोर्ड में इस प्रस्ताव को दोबारा से रखा गया। प्राधिकरण ने बकाया का 20 प्रतिशत तत्काल जमा करने और बाकी पैसा किश्तों में जमा करने के लिए कहा है। जिसके बाद प्लान को अप्रूव किया जाएगा।

## सीबीआई की जांच शुरू होते ही 17 बिल्डरों को बकाए का नोटिस

- **3145.56 करोड़ का है बकाया, स्पोर्ट्स सिटी से जुड़ा मामला, मुख्य सचिव को दी जानकारी**

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच का आदेश दिया है। मामले में सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू कर दी। पहली एफआईआर लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, तीसरी एफआईआर जनायडू एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड पर की गई। अब प्राधिकरण ने भी अपना बकाया वासप लेने के लिए 17 बिल्डरों को नोटिस जारी किया। ये सभी बिल्डर एससी-02 सेक्टर-150 से संबंधित कुल 21 भूखंडों में से 17 भूखंड के है। इन बिल्डरों पर करीब 3145.56 करोड़ रुपए बकाया है। हालांकि पूरा मामला करीब 9000 करोड़ का है। जिसमें तीनों बिल्डर के अलावा इनके सबलीजी बिल्डर शामिल है। प्राधिकरण बोर्ड ने इसका रिव्यू किया बताया कि आगामी एक महीने में सभी सब लीज बिल्डर को नोटिस जारी किया जाएगा। बता दे स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में तीनों मुख्य बिल्डरों पर 2011 से 2017 तक बिल्डरों, कंसोर्टियम, और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित तौर पर घर खरीदारों के पैसे हड़पने का आरोप है।

**सीएजी ने 9000 करोड़ का बताया घोटाला**

बता दें सीएजी ऑडिट में स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया था। जिससे नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को 9000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ऑडिट में पाया गया कि डेवलपर्स को जमीन कम कीमत पर दी गई। डेवलपर्स द्वारा नोएडा प्राधिकरण को साइड लाइन करते हुए स्वामित्व का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया। लीज प्रीमियम, जुर्माना और ट्रांसफर चार्ज तक नहीं दिए गए। साथ ही खेल के बुनियादी ढांचे के पूरा न होने के बावजूद अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

**क्या है स्पोर्ट्स सिटी परियोजना इसे समझे**

नोएडा प्राधिकरण ने पहली बार 16 अगस्त 2004 को स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं के विकास का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं स्थापित करना था। 25 जून 2007 की बैठक में परियोजना के लिए पूरे नोएडा में 311.60 हेक्टेयर भूमि की पहचान की। 8 अप्रैल 2008 की बोर्ड बैठक में स्पोर्ट्स सिटी के लिए निर्धारित भूमि को बढ़ाकर 346 हेक्टेयर कर दिया गया। जिसमें सेक्टर 76, 78, 79, 101, 102, 104 और 107 शामिल थे। यह निर्णय आगामी राष्ट्रमंडल खेल 2010 से प्रभावित था। परियोजना को आकार देने के लिए, ग्रांट थॉर्नटन को योजना का मसौदा तैयार करने और भूमि आवंटन के लिए दिशानिर्देश स्थापित करने के लिए नियुक्त किया गया। 18 सितम्बर 2008 तक, नोएडा प्राधिकरण ने इन योजनाओं को संशोधित मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया। 1 अक्टूबर, 2008 और 4 नवम्बर, 2008 को परियोजना की रूपरेखा वाले ब्रोशर को अंतिम रूप दिया गया। सितम्बर 2010 में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ, जब स्पोर्ट्स सिटी के लिए कुल भूमि क्षेत्र 311 हेक्टेयर से घटाकर 150 हेक्टेयर कर दिया गया। 2010-11 और 2015-16 के बीच 798 एकड़ में चार स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाएं शुरू की गईं।

### इन बिल्डरों को जारी किया गया नोटिस

- लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 558.46 करोड़
- बिल्डवेल बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड पर 363.25 करोड़
- ग्रेब्रिक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 44.41 करोड़
- ब्रिकटाउन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 198.70 करोड़
- विशलैंड बिल्डजोन प्राइवेट लिमिटेड 274.11 करोड़
- एसकार्पमेंट बिल्डक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड पर 518.99 करोड़
- लैंड कार्ट बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड 25.83 करोड़
- विजटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड 129.59 करोड़
- स्ट्रानबिज प्रोबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड 47.52 करोड़
- वंडर्स बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड 195.12 करोड़
- एल्योरा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 311 करोड़
- समृद्धि इंफ्रास्कायर प्राइवेट लिमिटेड 76.82 करोड़
- सम्रद्धि बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड 104.98 करोड़
- ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 100.03 करोड़
- फेस्ट होमस प्राइवेट लिमिटेड 109.03 करोड़
- निंफी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर 232.78 करोड़

## सार संक्षेप

### चैलेंजर्स ग्रुप के कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 स्थित नोएडा ऑडिटोरियम में चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी कलाकारियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व गणेश वंदना के साथ किया गया। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में टेलस डिजिटल के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर बच्चों ने वेस्ट प्लास्टिक प्रदर्शनी, क्ले आर्ट, बीड्स ब्रेसलेट मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, वॉल पेंटिंग, ड्रीम वाक, एम्ब्रॉयडरी आर्ट, सिलाई एवं खेल आदि गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में हुनर की कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा दिखाने की जरूरत है कार्यक्रम का मंच संचालन कर रही रश्मि परमार ने कहा कि ये बच्चे अपना आसमान स्वयं बनाएंगे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और अव्वल रहे प्रतिभागियो को पुरस्कृत कर व बच्चों को 200 हैप्पीनेस किट वितरित करके किया गया। इस मौके पर अंशवना, ऐश्वर्या, रोशनी, गीतिका, सोनी, पियुष, सूरज, नेहा, शुभम, पारुल आदि लोग मौजूद रहे।

### मानसिक तनाव के चलते फंदे पर लटककर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-53 क्षेत्र के गांव गिझौड़ में शनिवार रात एक व्यक्ति ने अपने घर में पंखे के कुंदे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जिला कासगंज के गांव नगला नागपुर निवासी 30 वर्षीय देवेंद्र पाल फेज-दो क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। 29 मार्च की शाम देवेंद्र ड्यूटी करके कमरे पर पहुंच गए थे। इस दौरान उनका बेटा मोहल्ले में खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक, इसी बीच देवेंद्र पाल ने कमरे में फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। थोड़ी देर बाद जब उनकी पत्नी कमरे में पहुंचीं तो उन्हें आत्महत्या की जानकारी हुई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इसके चलते आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शुरुआती जांच में मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### विकास चौहान ने पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री का लिया आशीर्वाद

**बुलन्दशहर।** विकास चौहान के जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास चौहान के भाजपा जिला अध्यक्ष के दूसरे कार्यकाल की बधाई और आशीर्वाद के साथ उज्जवल कार्यकाल की शुभकामना देते हुए आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराए जा रहे जिले में



विकास के कार्य के लिए धन्यवाद दिया वह अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया और बताया कि आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में 14 अप्रैल तक बुलंदशहर जिले भर में जो उत्सव महोत्सव कार्यक्रम चल रहे हैं उन्हें जनता खुशी के साथ उत्सव की तरह इन कार्यक्रमों को मना रहे हैं तथा पार्टी कार्यकर्ता जोर-शोर से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## नववर्ष के उपलक्ष्य में जागरण कार्यक्रम आयोजित

**खोड़ा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि और भारतीय नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में शिव पार्क स्थित जे के मॉडर्न स्कूल के समीप रविवार को भव्य जागरण आयोजित किया गया। जागरण के आयोजक भाजपा नेता कालू यादव ने बताया कि चैत्र नवरात्रि और हिंदी नववर्ष के आगमन के शुभ अवसर पर पूर्व की भांति इस बार भी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरण की शुरुआत मां भगवती के समक्ष अखंडज्योति को प्रवज्जलित करके गणेश वंदना से की गई। जे के मॉडर्न स्कूल के चेयरमैन कालू



यादव मुकेश यादव द्वारा अखंड ज्योति प्रवज्जलित की गई। ओ पी शर्मा एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा माता के चरणों में माता रानी ने बुलाया है महिमा तेरी है अपरंपार आ गई है मैया जगराता कर लो लाल फूलों की आई है बहार मैया तेरे मंदिर में आदि शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु मैया के भजनों में सराबोर होकर झूमते रहे। भजनों के बीच बीच में जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा शिव तांडव माता काली बाबा भैरव नाथ काली मां द्वारा रक्तपान आदि कई शानदार झांकियां निकाली गई। जागरण समापन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता कालू यादव, मृणालिनी सिंह, मुकेश यादव, राजवीर यादव, जसवंत सिंह, सभासद सुनील कुमार, पिंटू यादव, अनुपम सिंह, अश्विनी यादव, बल्ले पहलवान धर्मेंद्र सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए गाजियाबाद नगर निगम को वर्ल्ड वाटर अवॉर्ड में मिला प्रथम पुरस्कार

**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम को वाटर डाइजेस्ट तथा यूनेस्को द्वारा म्युनिसिपल वाटर रियूज प्रोजेक्ट ऑफ़ द ईयर कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार दिया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री राज भूषण चौधरी ने महापौर तथा नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग की टीम को सम्मानित किया। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत संचालित किए जा रहे टीएसटीपी प्लांट के अंदर शोधित जल का पुन: उपयोग करते हुए औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। जिसको वाटर डाइजेस्ट तथा संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक विज्ञान और सांस्कृतिक संगठन द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के साथ शहर वासियों के लिए भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जल संचयन तथा जल संरक्षण के लिए किया जा रहे कार्यों को भी साझा किया गया कार्यक्रम में हरियाणा नोएडा अथॉरिटी बेंगलुरु इंडस्ट्रीज तथा जल विभागों ने प्रतिभाग किया। महापौर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम ने अपशिष्ट जल उपचार के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जो नवाचार और पर्यावरणीय सतर्कता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस परियोजना का केंद्र बिंदु तृतीयक जल उपचार संयंत्र (टीएसटीपी) है, जिसकी क्षमता एमएलडी है और जिसका उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए जल पुनर्चक्रण में किया जाता है। परियोजना में एसटीपी से उपचारित जल का पुन: उपयोग मियावाकी वृक्षारोपण पहल के लिए किया जाना शामिल है, जो स्वच्छ वायु को बढ़ावा देता है और सतही जल के बहाव को रोकता है। नगर निगम ने ने हाल ही में 8 तालाबों का पुनरोद्धार एवं उनकी क्षमता का विस्तार किया है, 100 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की है और 400 से अधिक ऊंची आवासीय सोसायटियों में छत वर्षा जल संचयन प्रणाली की सुविधा प्रदान की है। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित जनों से निगम की जल संबंधित योजनाओं को साझा किया गया।



- **वाटर डाइजेस्ट व यूनेस्को द्वारा आयोजित कार्यक्रम**
- **म्युनिसिपल वॉटर रियूज प्रोजेक्ट ऑफ़ द ईयर कैटेगरी में गाजियाबाद नगर निगम प्रथम**

## सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर ने नेहरू नगर में घर-घर वितरित किए योजनाओं के पत्रक

- **सभी मंडलों के सभी वार्डों में घर घर पत्रक वितरण करेंगे पार्षद : महापौर**

**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। वार्ड 96 जी डी ए मार्किट ए ब्लॉक नेहरू नगर में राज नगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी एवं वार्ड के पार्षद अजीत निगम के साथ महापौर सुनीता दयाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरण किए।

जिसमे यू पी के उपयोगी 8 वर्ष जीवाईएएन (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) ही आधार, डबल इंजन सरकार आधारित सभी योजनाओं के विषय मे विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।



**सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब कार्यकर्ताओं की : महापौर**

जी का अर्थ- गरीब  
वाई का अर्थ- युवा  
ए का अर्थ- अन्नदाता  
एन का अर्थ- नारी

जिसमें गरीब कल्याण, खेल भी रोजगार भी, सशक्त युवा सम्रद्ध प्रदेश, किसान सम्रद्ध सशक्त प्रदेश, सशक्त नारी समृद समाज से सम्बंधित सभी योजनाओं के लाभों को विस्तृत रूप पत्रक में दिया गया है जिसको घर घर, हर रेहड़ी पटरी, ठेला, गरीब, नारी और किसानों तक पहुंचाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है।

महापौर ने ब्लॉक में रहने वाले और ठेली, रेहड़ी पटरी, दुकानदार आदि के यहां जाकर यह पत्रक वितरण किये है और उनको उपरोक्त योजनाओं के विषय मे जानकारी भी दी गयी जिससे वह उन सभी योजनाओं का लाभ ले सकें।

महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि हमारी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर पत्रक वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें सभी जनप्रतिनिधि एवं समस्त कार्यकर्ता पत्रक वितरण करेंगें। जिसमें सभी मा.पार्षद भी अपने अपने वार्डों के सभी घरों, सभी दुकानों, सभी गरीबो, सभी नारियों, सभी युवाओं, सभी किसानो के घर पत्रक वितरण करेंगे और सरकार की योजनाओं के विषय मे जानकारी देंगे।

## नोएडा प्राधिकरण के मिला वाटर वारियर का अवॉर्ड



- **दो श्रेणी बेस्ट एसटीपी (पब्लिक) व बेस्ट इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट पब्लिक के लिए दिया गया**

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण को भारत सरकार और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से वर्ड वाटर अवार्ड 2024-25 की दो अलग-अलग श्रेणियों में बेस्ट एसटीपी (पब्लिक) कॉमनडेबल और बेस्ट इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट पब्लिक में वाटर वारियर के रूप में विजेता चयनित किया गया है। सोमवार को राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राज भूषण चौधरी ने नोएडा प्राधिकरण को ये अवार्ड दिया। अवार्ड प्राधिकरण की ओर से एसीईओ सतीश पाल और महाप्रबंधक जल आरपी सिंह ने लिया। ये कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया गया।

इस मौके पर आरपी सिंह ने बताया कि वर्तमान में नोएडा में कुल चार सीवर डिस्ट्रिक्ट के द्वारा 8 सीवेज शोधन संयंत्र काम कर रहे है। सभी संचालित प्लांट की क्षमता 411 एमएलडी की है। सभी प्लांट पर स्टेज-1,2,3 के तहत पूर्ण क्लोरिनेशन के साथ टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट के साथ है। ये सभी सीपीसीबी सर्वर पर ऑनलाइन भी है। इन सभी से कुल 260 एमएलडी का ट्रीटेड वॉटर मिलता है। इसमें 75 एमएलडी पानी का प्रयोग सिंचाई में किया जाता है। सेक्टर-54 में बनाए गए वेटलैंड में 20 एमएलडी ट्रीटेड पानी का प्रयोग किया जाता है।

इसके अलावा शहर में जलापूर्ति मांग 415 एमएलडी के सापेक्ष 6 रेनीवेल जो अक्रियाशील थे। उनको विकास कार्य दोबारा से करवाकर 5 रेनीवेल को ठीक किया गया। इससे मिलने वाली पानी का टीडीएस करीब 240 से 400 तक है। इससे 120 एमएलडी पानी मिल रहा है। इसके अलावा बाकी 240 एमएलडी गंगाजल और शेष ट्यूबवेल पानी का प्रयोग किया जा रहा है।

## दुआओं के लिए उठे हजारों हाथ, अमन चैन की मांगी दुआ





**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ईद उल-फितर के मौके पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के तीनों जोन में सुरक्षा का सख्त पहरा रहेगा। पर्व को देखते हुए जिले में पहले से ही धारा-163 प्रभावी हो गई है। ईद को लेकर रविवार को पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के साथ मीटिंग कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईद उल-फितर के मौके पर तीनों जोन में स्थित 241 मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिसबल को तैनात किया जाएगा। सुबह साढ़े आठ और नौ बजे अधिकांश मस्जिदों में नमाज अता की गई। जिसमें हजारों लोग पहुंचे। उन्होंने अमन चैन की दुआ मांगी।

**28 हॉटस्पॉट को किया चिह्नित**

सुरक्षा के लिहाज से 28 हॉटस्पॉट को पहले से ही चिह्नित कर लिया गया है। ईद के लिए सात डीसीपी, तीन एडिशनल डीसीपी, 13 एसीपी और 55 निरीक्षक समेत करीब तीन हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए छह टीआई, 35 टीएसआई, 160 मुख्य आरक्षी तथा 200 आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है।

**28 संवेदनशील स्थान**

28 संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। यहां पीएसी बल की दो कंपनी को तैनात किया जाएगा। सादे कपड़े में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग भी की थी। ईद के साथ आने वाले त्योहारों पर शांति व्यवस्था पर लोग भी आगे आकर पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है। सोशल मीडिया पर अगर किसी ने भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कई जगहों पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। करीब 500 से अधिक ऐसे अकाउंट पर खास नजर रखी जा रही है जो पूर्व में किसी न किसी विवाद से जुड़े रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और ईद उल-फितर का पर्व शांति व खुशी के साथ मनाने की अपील की है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व

- **लाखों लोगों ने अदा की ईद उल फितर की नमाज**
- **देश में भाईचारा व अमन चैन के लिए की गई दुआ**



**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाखों मुस्लिमों ने जिले की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईदुल फितर नमाज अदा की गई। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे समाज के दौरान देश में अमन चैन भाई का चारा कायम रखने की दुआ की गई।

अलग अलग समय पर ईद की नमाज अदा गई। सुबह से ही नमाज अदा करने के भारी संख्या में लोग पहुंचे। कैला भट्टा, मिर्जापुर सिद्धार्थ विहार स्थित ईदगाह समेत शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-शांति की दुआ मांगी। शहर में ईद के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस बार खास बात यह रही की लगभग सभी गांव में ज्यादा भीड़ होने के कारण अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई ।एसीपी सिटी ने आमजन से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। हम सभी को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ इसे मनाना चाहिए। केला भट्टा इस्लामनगर स्थित ईदगाह में मुफ्ती जमीर अहमद ने तथा मिर्जापुर सिद्धार्थ विहार ईदगाह में हाफिज इंतजार अहमद ने नमाज अदा कराई।

### 110 वर्ष के बुजुर्ग नजीर अंसारी के साथ मनाई ईद

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने सोमवार को 110 वर्ष के बुजुर्ग नजीर अंसारी के साथ ईद मनाई और उनके अनुभवों को साझा किया। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान, व्यापारी नेता अनिल चौधरी, जी



छोटे भाई सेलवर्धन मिर्जापुर पहुंचे। वहां पर उनकी मुलाकात सम्भवत: भारत के सबसे उम्रदराज मोहम्मद नजीर अंसारी साहब से हुई । जिनका जन्म (1915 )में हुआ (110 )साल के करीब इनकी उम्र हो चुकी है। उन्होंने इनके साथ बैठकर ईद मनाई।

मोहम्मद नजीर साहब ने बताया कि उन्हें अपने हाथ से मखमल बनाने की कई फैक्ट्री को लगाने का तजुर्बा हासिल है। पूरे भारत में कोलकाता मुंबई जैसे बड़े महानगर में उनके द्वारा मखमल का कपड़ा बनाने की फैक्ट्री लगाई गई है। सबसे बड़ी बात इनके हाथ में कोई भी कपड़ा दे दिया जाता था उस कपड़े को देखकर मिल मालिक इनसे मशीन बनवा लेते थे कि यह जो कपड़ा है यह किस तरीके के मशीन पर बनाया जा सकता है। यह हुनर अंसारी साहब के हाथ में है।

उवाच

आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल दो फायर टेंडर को आग पर काबू करने के लिए भेजा गया, लेकिन आग काफी भीषण थी। जिसे देखते हुए 26 फायर टेंडर और भेजे गए और लेकिन आग विकराल होने के कारण अन्य स्थानों से 8 फायर टेंडर और बुलाए गए हैं। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है : **प्रदीप कुमार, सीएफओ।**



# औद्योगिक प्राधिकरणों का बनेगा डाटाबेस

## भूमि आवंटन प्रक्रिया को मिलेगी नए सिरे से रफ्तार

**■ नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना समेत प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस होगा तैयार**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण समेत प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस तैयार करने का निर्णय लिया है। इससे भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के साथ ही विभिन्न प्राधिकरणों में रिक्त प्लॉट्स तथा आवंटित भूमि की मौजूदा स्थिति जानने में मदद मिलेगी। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और ट्रैक करने के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्य करते हुए इन्वेस्ट यूपी अब प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों के विस्तृत डाटाबेस बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने जा रही है। इससे भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्वक पूरा करने के साथ ही विभिन्न प्राधिकरणों में रिक्त प्लॉट्स तथा आवंटित भूमि पर उद्योग स्थापना तथा क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति को जानने में मदद मिलेगी।

प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया जल्द ही इन्वेस्ट यूपी की देखरेख में शुरू होने वाली है। जिन प्राधिकरणों में इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उनमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) तथा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) प्रमुख हैं। इन सभी औद्योगिक प्राधिकरणों में चिह्नित लैंड बैंक पर नजर रखते हुए पहले से आवंटित प्लॉट्स के आक्यूपेंसी स्टेटस, इन प्लॉट्स पर लगाए जाने वाले औद्योगिक इकाइयों की प्रगति व वर्तमान स्थिति तथा रिक्त प्लॉट्स के प्रकार व उनसे जुड़ी अन्य जानकारियों के संचयन व संकलन के लिए दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति के माध्यम से कार्यों को पूरा किया जाएगा।

**सर्वे एजेंसियों द्वारा डाटाबेस निर्माण की प्रक्रिया होगी पूरी**

प्रदेश के औद्योगिक प्राधिकरणों में भूमि आवंटन प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़े, इस उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी की निगरानी में डाटाबेस निर्माण के कार्य को पूरा किए जाने की योजना है। इसके लिए इनवेस्ट यूपी दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को जल्द पूरा करेगी जो प्राधिकरणों के ऑफसाइट व ऑनसाइट लैंड पूल की निगरानी, उनसे जुड़े विभिन्न तथ्यों के संकलन तथा मासिक रिपोर्ट के माध्यम से विभिन्न प्राधिकरणों में औद्योगिक भूखंडों पर इकाई संचालन, निर्माण व विकास कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएगी। ये एजेंसियां इस बात को देखेंगी कि किसी भी औद्योगिक भूखंड का इस्तेमाल तयशुदा मदों के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में न हो। ऐसा होने की सूरत में यह अपनी रिपोर्ट के माध्यम से इन्वेस्ट यूपी को जानकारी उपलब्ध कराएंगी और आगे इन्वेस्ट यूपी द्वारा इस मद में कार्रवाई सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को बल मिलेगा। साथ ही, इससे प्राधिकरणों के बीच कार्य कुशलता को लेकर तुलनात्मक अध्ययन करने में भी मदद मिलेगी जिससे रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन प्रक्रिया को भी पूरी पारदर्शिता व तेजी के साथ पूरा करने में बल मिलेगा।

# कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग





**■ दमकल विभाग की 26 गाड़ियां आग पर काबू करने में जुटी**

**■ हबीबपुर स्थित ओशियन मोल्ड प्लास्ट कंपनी में अचानक लगी आग**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार दोपहर करीब भीषण आग लग गई। आग के कारण चारों तरफ धुआं फैल गया और आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। फैक्ट्री के आसपास दूसरी में भी आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की 26 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। आग में किसी के फंसे होने या हताहत होने की अब तक कोई सूचना नहीं है। फैक्ट्री में लगी आग का धुआं कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा है। ये आग ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के तुस्याना स्थित अद्योगिक क्षेत्र में स्थित कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगी है। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल दो फायर टेंडर को आग पर काबू करने के लिए भेजा गया, लेकिन आग काफी भीषण थी। जिसे देखते हुए 26 फायर टेंडर और भेजे गए और लेकिन आग विकराल होने के कारण अन्य स्थानों से 8 फायर टेंडर और बुलाए गए हैं। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में ग्राम हबीबपुर स्थित ओशियन मोल्ड प्लास्ट कंपनी जो प्लास्टिक के कूलर बनाती है में आग लग गई है। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही है। आग ज्यादा होने के कारण आसपास की कंपनी में भी आग फैल गई है। डीसीपी सेन्ट्रल सहित अन्य पुलिस अधिकारी, स्थानीय पुलिस और अन्य 3 थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड की 26 गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं। अभी तक की सूचना में कोई व्यक्ति फंसा नहीं है और कोई जनहानि नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि हबीबपुर-सुथ्याना रोड पर कूलर बनाने की फैक्ट्री बनी हुई है। जो दादरी निवासी अजय कुमार गर्ग की कंपनी है। सोमवार दोपहर को अचानक कंपनी के पिछले हिस्से में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, एसीपी समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। दमकल टीम ने आसपास की कंपनियों की गाड़ियों को भी मौके पर बुला लिया। टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने आसपास की दो कंपनियों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। वहीं, आसपास की कंपनियों के मालिक मजदूरों के साथ सामान को बाहर निकालने में जुटे थे। दमकल विभाग भी आसपास की कंपनियों को बचाने में जुटा था। खबर वहीं आग ने तीन कंपनियों को अपनी चपेट में ले लिया था।

# ग्रेनो प्राधिकरण के सेक्टर आईटी सिटी में एसटीपी के निर्माण की तैयारी

**■ ग्रेनो वेस्ट में भी 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण प्रस्तावित**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता के सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। आईआईटी रुड़की की जांच के बाद खर्च का आकलन कर जल्द निविदा जारी की जाएगी। सैद्धांतिक मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। इससे आसपास के अन्य सेक्टरों व गांवों के सीवर को शोधित करने में मदद मिलेगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में भी 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए कंपनी की तलाश की जा रही है। ग्रेटर नोएडा में अब तक चार एसटीपी बनकर तैयार हो गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 174 एमएलडी है। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए प्राधिकरण ने अगले 25 सालों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एसटीपी की संख्या बढ़ाकर 10 किए जाने की कार्ययोजना तैयार की है। वहीं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) भी सीवर को शोधित करने को लेकर गंभीर है। घरों व फैक्ट्रीयों से निकलने वाले गंदे पानी का शत-प्रतिशत शोधन किया जाना है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि आईटी सिटी (मुर्शदपुर गांव के पास) में 12 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण करने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। खर्च का आकलन करने के बाद निविदा जारी की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा निर्मित किए जा रहे सभी एसटीपी आधुनिक तकनीक पर आधारित होंगे, जिससे कि सीवेज के शोधन में पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सीवर को शोधित करने के लिए एसटीपी की संख्या बढ़ाई जाएगी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में 45 एमएलडी और सेक्टर आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण किया जाएगा। इससे भूजल को दूषित होने से बचाने में मदद मिलेगी : एनजी रवि कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्वान-की-डो प्रतियोगिता में प्रिया ने जीता कांस्य पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राजस्थान के झुंझुनू में जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्वान-की-डो प्रतियोगिता में शारदा विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिया कोरंगा ने शानदार प्रदर्शन करके 51 किलो वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 67 विश्वविद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने इस सफलता का श्रेय छात्रा की मेहनत और स्पोर्ट्स संकाय के प्रशिक्षकों को दिया। स्पोर्ट्स विभाग के डायरेक्टर डॉ. कपित दवे और संकाय स्टाफ के मार्गदर्शन में छात्रा ने यह उपलब्धि हासिल की। वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेता छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस जीत से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। विश्वविद्यालय खेल अधिकारी एवं कोच रिशांक अग्रवाल ने कहा प्रिया ने शारदा विश्वविद्यालय का नाम और ऊंचा कर दिया है, उसने इस उपलब्धि के लिए बहुत मेहनत करी है और बताई हुई सारी तकनीक पर कार्य किया है। माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और हमें बच्ची की सफलता पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है।





# जीबीयू ने बी.टेक गणित और कंप्यूटिंग पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र से बी.टेक गणित और कंप्यूटिंग पाठ्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो गणितीय सिद्धांतों और आधुनिक कंप्यूटिंग तकनीकों में गहरी समझ प्राप्त करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम के तहत केवल 30 सीटें उपलब्ध हैं, और इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 10.2 (पीसीएम) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा अंकों या मेरिट के आधार पर की जाएगी। यह कार्यक्रम गणित और कंप्यूटर साइंस के सर्वोत्तम समावेश के साथ तैयार किया गया है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, क्रिप्टोग्राफी और अनुकूलन जैसी अत्याधुनिक तकनीकी विषयों को शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिससे छात्र आईटी क्षेत्र, वित्तीय क्षेत्र और शोध संस्थानों में अपना करियर बना सकते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमित कुमार अवस्थी ने कहा कि बी.टेक गणित और कंप्यूटिंग कार्यक्रम भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह कोर्स छात्रों को मजबूत गणितीय नींव और आधुनिक कंप्यूटिंग तकनीकों में दक्षता प्रदान करेगा, जिससे वे उद्योग और अनुसंधान दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक कंप्यूटिंग प्रयोगशालाओं, शोध सुविधाओं और अनुभवी शिक्षकों की सहायता से छात्रों को व्यवहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, एल्गोरिदम डिजाइन, वित्तीय मॉडलिंग और शोध क्षेत्रों में सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। इसके साथ ही, परियोजनाओं, इंटर्नशिप और कौशल विकास कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों को प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए तैयार किया जाएगा।

# बेकाबू कार ने पैदल जा रहे युवक को मारी टक्कर, घायल

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में सड़क पर पैदल जा रहे एक युवक को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। इस मामले में मृतक के दोस्त ने आरोपी कार चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है। मूलरूप से बिजनौर के रहने वाले मनीष कुमार और करन कुमार इटेडा गांव में किराए के मकान में एक साथ रहते थे। मनीष ने बताया कि शुक्रवार की रात वह और उसका दोस्त करन सड़क पर पैदल जा रहे थे। अम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी के समीप एक बेकाबू कार ने पीछे से करन को टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल करन को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। दिल्ली अस्पताल में इलाज के दौरान करन की मौत हो गई। इस मामले में मनीष ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अर्पित तिवारी बने भाजपा ग्रेटर नोएडा मंडल अध्यक्ष, लोगों ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के गौतम बुद्ध नगर जिला अध्यक्ष घोषित होने के बाद ग्रेटर नोएडा मंडल में भी बदलाव किया गया है ग्रेटर नोएडा मंडल से भाजपा के युवा और मेहनती कार्यकर्ता अर्पित तिवारी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। पिछले 20 वर्षों से ग्रेटर नोएडा में निवास कर रहे है। अर्पित तिवारी जो भाजपा में बहुत ज्यादा सक्रिय हैं, उनके पिता नरेश चंद्र तिवारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के फिरोजाबाद के स्वयं सेवक के शिशु मंदिर में अध्यापक थे। आपने अपने दादा नबाब सिंह तिवारी लंबरदार थे एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए जिले में जानें जाते थे। इनके बाबा एवं पिताजी से प्रेरणा लेकर 2006 में आरएसएस की प्राथमिक शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाल्यकाल से ही स्वयंसेवक रहे, शाखा के शिक्षक रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मन्दिर से प्राप्त की। इन्होंने कई कंपनियों में काम एचआर के रूप में काम किया। 2016 में भाजपा आईटी सेल के में कार्य किया। 2018 में ग्रेटर नोएडा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व पार्टी ने दिया, जिसमें ग्रेटर नोएडा में भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया। 2017 विधान सभा चुनाव, 2019 लोकसभा चुनाव, 2022 विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर सहभागिता की एवं पार्टी के अभियानों एवं कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी रही। आप हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में निपुण है। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में काम करेंगे।



# निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ग्रेनो में पहुंचने पर स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। निर्बल इंडियन सूचित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद गुर्जर वीरेंद्र डाढा प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश के आवास पर जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रयागराज में निषाद राजवंश के किला श्रृंगवेरपुर धाम में 1 अप्रैल से लेकर 3 अप्रैल तक दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किया जा रहा है, जिसमें 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश के पदाधिकारी व कार्य कर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेंगे।

इस मौके पर वीरेंद्र डाढ़ा ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के हर जिले से पदाधिकारी सैकड़ो कार्यकर्ता प्रयागराज ऋगृवेरपुर धाम में पहुंच रहे हैं। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डॉक्टर संजय निषाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को तैयार करने का काम करेंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरेश कश्यप जिला गौतम बुध नगर राजेश्वर भाटी अध्यक्ष आरडब्ल्यूए स्वर्ण नगरी, संगठन जिला अध्यक्ष योगेंद्र विकल, संदीप कश्यप, सरजीत निषाद, आनंद कश्यप, संजू निषाद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री आधा घंटे रुकने के बाद सीधे लखनऊ प्रयागराज के लिए निकल गए।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर पी-3 में रहने वाले एक युवक ने गले में फांसी का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि दस दिन पहले भी मृतक ने खुदकुशी का प्रयास किया था। पुलिस के मुताबिक मृतक अधिक नशा करता था। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बीटा दो कोतवाली पुलिस वाली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से हरदोई का रहने वाला अनूप कुमार परिवार के साथ सेक्टर पी-3 में रहता था। पुलिस के मुताबिक अनूप यहां मजदूरी करता था। रविवार की रात अनूप ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पत्नी ने बताया उसका पति नशे का आदी था। रोजाना शराब पीता था। दस दिन पहले भी उसने खुदकुशी की कोशिश की थी। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# जेवर में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद उल फितर का पर्व

**जेवर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे में रविवार को ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। कस्बे के मदरसा हिफाजुल इस्लाम में सुबह 7: 15 अहले हदीस ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे मौलाना मुहम्मद मुदस्सिर, बड़ी ईदगाह पर सुबह 7: 45 पर मुफ़्ती नासिर और शकर बरस पर मौलाना इस्माइल ने नमाज पढ़ाई। कस्बे मे कहीं भी सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ाई गई। सभी स्थानों पर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया।

नमाज के बाद देश की सुरक्षा मे लगे जवानों, पुलिस बल आदि की हिफाजत के लिए व देश मे भाईचारे, अमन व शांति के लिए भी दुआ की गई और सभी न गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संसार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी फूलवर्षा कर नमाजियों का स्वागत किया तथा ईद की शुभकामनाएं दी।

# प्राथमिक विद्यालय क्यामपुर में कम्प्यूटर भवन का उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्राथमिक विद्यालय क्यामपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर के प्राथमिक विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार तथा नवनिर्मित कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण अजय पॉलि लिमिटेड के निदेशक अवनीश सिंह विसेन ने किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल और अनुज ने किया। यह विद्यालय में कंप्यूटर भवन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत अजय पोली लिमिटेड के सौजन्य से तैयार किया गया है। क्यामपुर सिग्मा-2 में प्राथमिक विद्यालय में पहले से ही 90 से अधिक छात्र नामांकित हैं। नए कंप्यूटर भवन की शुरुआत के साथ 60 नए छात्र शामिल होंगे, जिससे कुल छात्र संख्या 150 हो जाएगी। इस अवसर पर अजय पॉलि लिमिटेड के निदेशक अवनीश सिंह विसेन ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा एक प्रगतिशील समाज की आधारशिला है, आज के डिजिटल युग में प्रौद्योगिकी तक पहुंच बहुत महत्वपूर्ण है। इस कंप्यूटर लैब की स्थापना स्थानीय स्कूलों के साथ सहयोग करके विद्यार्थियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। इसका उद्देश्य स्कूल के युवा दिमागों को आधुनिक दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है। हमें उम्मीद है कि यह इन युवा छात्रों में जिज्ञासा और सीखने की चिंगारी को प्रज्वलित करेगा, जिससे वे अपनी पूरी क्षमता को उजागर कर सकेंगे। इस अवसर पर दीपक गर्ग, राहुल कुमार, विश्वजीत कुमार ठाकुर, अरुण उपाध्याय, अभिजीत मिराजकर, विकास राजोरा, प्लांट हेड सुधिर कुमार, शिव पुजन, मुकेश साही, अशोक तोमर, अवेश नायक, अनुज कुमार राजपूत, विशवाजित पाण्डे, शिक्षक, गांव के गणमान्य व्यक्ति व छात्र भी उपस्थित रहे।



# भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव उमंग का समापन







**■ अंतिम दिन सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता व कवि सम्मेलन का आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चार दिवसीय भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव उमंग 2082 का आज समापन हो गया। अंतिम दिन समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12 एकेडमी के बच्चों की टोली ने भाग लिया।

समन्वयक गुड्डी तोमर तथा डॉ. आरती शर्मा ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में जेएस एकेडमी प्रथम, स्वप्निल एकेडमी द्वितीय तथा भाग्यश्री तृतीय रहे। मंच संचालन दुर्गेश्वरी सिंह ने किया। उमंग उत्सव में रंगोली, मिले सुर मेरा तुम्हारा एकल व समूह गायन, मेंहदी, इंद्रधनुष, चित्रकला, एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता में कुल 628 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक विधायक श्रीचन्द शर्मा ने सभी विजयी बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। बाद में डॉ. कुमार आदित्य के संयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुकेश शर्मा, संदीप शजर, डॉ ज्योति उपाध्याय, स्वदेश यादव आदि कवियों ने देश भक्ति की कविताओं का पाठ किया। कविता पाठ में कवियों ने अपने चिर परिचित अंदाज में आनंदित किया। कार्यक्रम में अजेय गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, देवीशरण शर्मा, विवेक अरोड़ा, सविता शर्मा, कांति पाल, मीनाक्षी, वंदना, विनीता, बीना अरोरा, सीमा, रीना गुप्ता, संगीता सक्सैना आदि लोग व्यवस्था में शामिल रहे।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा, जनपद– गौतम बुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जुनपत, तहसील– दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या–224/0.0501 हे0 225/0.0670, 388म/0.0767, 389म/0.0730, 390म/0.0755, 405म/0.1220, 406म/0.1250हे भूमि के आबादी व्यवस्थापन का निर्णय श्री चन्दभान, देवदत्त, बाबूराम, सीताराम व प्रताप पुत्रगण रामचन्द्र निवासी ग्राम के पक्ष में प्राधिकराण बोर्ड की 86वीं के मद संख्या–15 के क्रमांक 15 पर पर लिया गया है, जिसमें श्री देवदत्त की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर श्री सतीशचन्द शर्मा, दर्शनलाल शर्मा, कैलाशचन्द शर्मा, मनोज कुमार पुत्रगण स्व० देवदत्त निवासी ग्राम जुनपत तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रामनयन सिंह)
विशेष कार्याधिकारी

# प्रादेशिकी

## ठाकुर ने किया डिल्वी संपर्क मार्ग का लोकार्पण

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को कोटखाई उपमंडल के पनोग पंचायत की डिल्वी संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया । श्री ठाकुर ने इस मौके पर स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आपदा में हुए भारी नुकसान के बाद इस सड़क के निर्माण कार्य में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था किन्तु सरकार कि इच्छा शक्ति और स्थानीय लोगों के सहयोग से आज इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है जिसका लाभ अवश्य रूप से क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पनोग एवं क्यारी पंचायत के साथ साथ पूरे घ्याल क्षेत्र के साथ उनका एक भावनात्मक सम्बन्ध है। उन्होंने पनोग स्थित मंदिर के निर्माण के लिए तीन लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्यारी सड़क को स्तरोन्नत करने लिए पांच करोड़ रूपये मंजूर किए गए हैं। जिसका कार्य शीघ्र आरम्भ कर दिया जायेगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्यारी के भवन की मरम्मत हेतू 15 लाख रुपये मंजूर हो चुके हैं।

# कुट्टू का आटा खाने से सौ से ज्यादा अस्पताल में भर्ती

- देहरादून व हरिद्वार के अस्पतालों में उल्टी व दस्त की शिकायत के बाद भर्ती हुए लोग
- डीएम ने नजर रखने के लिए तैनात किए मजिस्ट्रेट

■ अमरनाथ तिवारी



**देहरादून,** 31 मार्च (देशन्धु)। उत्तराखंड में देहरादून के बाद हरिद्वार जिले में भी कुट्टू के आटे से बने पकवान खाने से कई लोगों के बीमार होने का मामला सामने आया है। हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में 18 लोगों के बीमार होने की सूचना है, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है तथा देहरादून में 100 के लगभग लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना है। मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत भी हरिद्वार पहुंचे और जानकारी ली। जिलाधिकारी देहरादून में दून चिकित्सालय, कोरोनेशन व महन्त इन्द्रेश अस्पताल के लिए कुट्टू के आटा खाने से बीमार हुए लोगों की देखरेख के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

जानकारी के मुताबिक निरंजनपुर गांव के सुनील और उसके परिवार की अंकिता रिया, रितिका, सरोज, वैभव, शालू, उषा वृंदा, अंकित और निधि ने रविवार शाम को व्रत खोलने के बाद कुट्टू के आटे की रोटियां खाई थी। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद ही इन सब की हालत बिगड़ गई। लोगों को चक्कर आने लगे उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी।

बताया जा रहा है कि हालत ज्यादा खराब होने पर इन्हें लक्सर के निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार खेड़ी कला गांव में भी अभिषेक के परिवार में कई लोगों की हालत कुट्टू के आटे बने भोज्य पदार्थ खाने से बिगड़ गई। इन्हें भी निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

सुनील ने बताया कि उन्होंने गांव के ही दुकानदार से कुट्टू का आटा खरीदा था। उसी की रोटियां खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस बाबत डॉक्टर जॉर्ज सैमुअल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सभी लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हैं। सभी को उल्टी की शिकायत है। इलाज किया जा रहा है।

### सहारनपुर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम

**देहरादून।** प्रदेश की देहरादून में कुट्टू का आटा खाने से 100 से ज्यादा अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिसके बाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी है।. पुलिस और प्रशासन की कई टीमों ने उन जगहों पर छापेमारी की। जहां से कुट्टू के आटे की सप्लाई हुई है। इस मामले में पुलिस ने 22 दुकानों को सीज कर दिया है। जहां से कुट्टू के आटे की सप्लाई हुई थी। देहरादून के पुलिस कप्तान अजय सिंह ने बताया कि सभी लोगों ने रविवार शाम को पहली नवरात्रि पर कुट्टू के आटे के पकवान खाए थे। इससे देर रात या फिर सुबह को उनकी तबीयत खराब हो गई, जिन्हें देहरादून के दो अलग-अलग सरकारी हॉस्पिटलों में भर्ती कराया गया था। मरीजों से बातचीज में इस बात का पता चला कि उन्होंने अलग-अलग जगहों से कुट्टू का आटा खरीदा था। इसी सूचना के आधार सभी टीमों को अलर्ट किया गया। देहरादून के पुलिस कप्तान अजय सिंह के मुताबिक जहां-जहां से भी कुट्टू का आटा खरीदा गया और सप्लाई हुई, वहां पर पुलिस व प्रशासन की टीमों ने छापेमारी की है। पुलिस की जांच में करीब 22 जगह ऐसे मिली हैं, जहां से कुट्टू का आटा खरीदा गया था, उन जगहों को सील कर दिया गया। इसके अलावा कुट्टू के आटे को जब्त कर दिया गया है।

### सीएम धामी ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना

- कोरोनेशन व दून अस्पताल में हुए भर्ती, उपचार जारी
- धामी ने स्वास्थ्य सचिव को दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ग्राहकों द्वारा कुट्टू के आटे का क्रय व सेवन किया जाता है, बीते रोज कुट्टू के आटे के सेवन करने से करीब 110 लोग बीमार हो गये जिन का उपचार कोरोनेशन व दून चिकित्सालय में चल रहा है। वहीं मामला संज्ञान में आते ही सीएम धामी अस्पताल पहुंचे और इस प्रकरण की जांच कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। विदित हो कि नवरात्र के पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा कुट्टू के आटे का सेवन किया जाता है। बीते रोज राजधानी दून में करीब 110 से अधिक लोग कुट्टू का आटा खाने से फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गये। जिन्हे दून अस्पताल व कोरोनेशन में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। सीएम धामी ने कहा कि इस प्रकरण में दोषियों को बख्शा नही जायेगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य सचिव को निर्देश दिये गये है। उन्होने बताया कि बीमार हुए लोगों में से 66 कोरोनेशन व 44 को दून अस्पताल में भर्ती कराया गया हैपुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कुट्टू का आटे की सप्लाई विकास नगर क्षेत्र के लक्ष्मी ट्रेडर्स व शिवपाल चौहान निवासी विकासनगर जिसका शिमला बायपास पटेल नगर क्षेत्र में भी गोदाम है, उक्त स्टोर ने कुट्टू का आटा खरीदा गया है। जिसकी सप्लाई अग्रवाल ट्रेड स्टोर दीपनगर, लक्ष्मी स्टोर बंजारा वाला, संजय स्टोर करनपुर, शर्मा स्टोर थाने से आगे रायपुर व केदारपुरम एमडीडीए कॉलोनी अग्रवाल ट्रेडर्स व कोहली ट्रेडर्स, दर्शनी गेट से की गयी है। पुलिस ने तत्काल संबंधित दुकानों, गोदामों से उक्त कुट्टू के आटे को जप्त किया गया व लगातार कार्रवाई जारी है। वहीं मामले में पुलिस ने आमजन से अपील की है कि जिनके द्वारा विकासनगर, पटेलनगर,कोतवाली के उक्त गोदाम या दुकानों से कुट्टू का आटा क्रय या वितरित किया गया है कृपया वह सभी उक्त कुट्टू के आटे का सेवन न करें व कुट्टू के आटे की प्रमाणिकता के उपरांत ही उसका सेवन करे।

### दून में फूड इंस्पेक्टर ने पुलिस को दी तहरीर

**देहरादून।** फूड इंस्पेक्टर की तरफ से पुलिस को तहरीर भी दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 22 दुकानों को सील किया। फिलहाल दुकानदारों से पूछताछ भी की जा रही है। इसके अलावा देहरादून पुलिस की एक टीम सहारनपुर भी गई है। बताया जा रहा है कि देहरादून में कुट्टू का आटा सहारनपुर से ही सप्लाई हुई था।

देहरादून में कुट्टू के आटे से बीमार हुए लोगों की देखभाल और इलाज के लिए देहरादून जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष कुमार को राजकीय दून मेडिकल कालेज की जिम्मेदारी दी। वहीं एसडीएम कुमकुम जोशी को कोरोनेशन अस्पताल की जिम्मेदारी दी है। एसडीएम हर गिरि को महंत इंद्रेश अस्पताल की जिम्मेदारी दी। इन तीनों ही हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती कराया गया है। देहरादून। उत्तराखंड में देहरादून के बाद हरिद्वार जिले में भी कुट्टू के आटे से बने पकवान खाने से कई लोगों के बीमार होने का मामला सामने आया है। हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में 18 लोगों के बीमार होने की सूचना है, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है तथा देहरादून में 100 के लगभग लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना है।

मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत भी हरिद्वार पहुंचे और जानकारी ली। जिलाधिकारी देहरादून में दून चिकित्सालय, कोरोनेशन व महन्त इन्द्रेश अस्पताल के लिए कुट्टू के आटा खाने से बीमार हुए लोगों की देखरेख के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जानकारी के मुताबिक निरंजनपुर गांव के सुनील और उसके परिवार की अंकिता रिया, रितिका, सरोज, वैभव, शालू, उषा वृंदा, अंकित और निधि ने रविवार शाम को व्रत खोलने के बाद कुट्टू के आटे की रोटियां खाई थी। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद ही इन सब की हालत बिगड़ गई। लोगों को चक्कर आने लगे उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। बताया जा रहा है कि हालत ज्यादा खराब होने पर इन्हें लक्सर के निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार खेड़ी कला गांव में भी अभिषेक के परिवार में कई लोगों की हालत कुट्टू के आटे बने भोज्य पदार्थ खाने से बिगड़ गई।

## सार संक्षेप

### परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का हुआ सम्मान

**सिरसा।** समाज कल्याण विभाग व स्वास्थ्य विभाग सिरसा द्वारा मार्च 2023 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जीजीएचएस कागदाना की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिंपल पुत्री प्रेम शर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 75000, मोनिका पुत्री रमेश शर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 45000 तथा अनु पुत्री सुखराम को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 30000 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य ओम प्रकाश ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इन छात्राओं की कड़ी मेहनत, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। जीजीएचएस कागदाना का नाम रोशन करने के लिए मैं सभी छात्राओं, स्कूल स्टाफ और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूं। आशा है कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### किसानों-मजदूरों को मिलेगा महज 10 रुपए प्रति प्लेट भोजन

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिला के कस्बा रानियां की अनाज मंडी के नजदीक किसान भवन में किसान-मजदूर कैंटीन खोली गई है जिसमें 10 रुपये प्रति प्लेट भोजन मिलेगा। सोमवार को एसडीएम अर्पित संगल ने अटल किसान-मजदूर कैंटीन का रीबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर तहसीलदार शुभम शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार सेन, अनाज मंडी के प्रधान सोमनाथ जैन, मुख्तियार सिंह मौजूद रहे। श्री संगल ने बताया कि प्रदेश सरकार अनाज मंडी में किसानों और मजदूरों को सस्ती दर पर भोजन मुहैया करवाने के उद्देश्य से अटल किसान मजदूर कैंटीन खोल रही है। इसी कड़ी में रानियां में भी अनाज मंडी के नजदीक किसान भवन में यह कैंटीन खोली गई है। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन से सभी मजदूर व किसानों को लाभ होगा। अटल किसान-मजदूर कैंटीन में किसानों और मजदूरों को 10 रुपए प्रति थाली के हिसाब से भोजन दिया जाएगा।

### हरियाणाः नूंह में दो गुटों में झड़प,कई घायल

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को दो गुटों में झड़प हो गई जिसमें 12 लोग घायल बताए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस मौके पर पहुँच चुकी है और स्थिति काबू में है। मीडिया में वाइरल वीडियो में दो गुटों के लोगों को लाठियों से एक-दूसरे से भिड़ते देखा जा सकता है। विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है।

# शराब आय मामले में सरकार का झूठ लगातार बेनकाब : जयराम ठाकुर

- चालीस प्रतिशत राजस्व अर्जित करने का आंकड़ा तीन साल से झूठा साबित हो रहा
- प्रदेशभर में कई यूनिट्स के लिए के खरीदारी के लिए के लिए कोई नहीं आया सामने



**शिमला,** 31 मार्च (देशबन्धु) । नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार का आबकारी विभाग से राजस्व अर्जित करने को को लेकर बोला जा रहा झूठ तीसरे साल भी बेनकाब हो रहा है। जिस तरह से शराब के ठेकों की नीलामी में कई यूनिट के लिए कोई बोली लगाने वाला सामने नहीं आ रहा है उससे ऐसा लग रहा है कि सरकार की नीतियों में कोई न कोई खामी है, जिसकी वजह से इतने बड़े पैमाने पर यूनिट्स नीलाम नहीं हो रही हैं। इसके पीछे भी किसी न किसी तरह का खेल होने का संभावना लोग जता रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने गत वर्ष भी नई शराब नीति से 40 प्रतिशत आय बढ़ाने के मामले में हिमाचल की लोगों से झूठ बोला था। मुख्यमंत्री ने विधान सभा में खड़े होकर कहा था कि नई शराब नीति से आबकारी से होने वाले राजस्व में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री और सरकार में बैठे लोग चाहे जितना झूठ बोल लें, लेकिन सच बाहर आ ही जाता है। सच्चाई यह है कि नई शराब नीति से प्रदेश के राजस्व में कोई वृद्धि नहीं हुई। मुख्यमंत्री को ऐसे झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना सही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा इस सरकार में शराब माफिया हावी है। यही कारण है कि शराब ठेकों की नीलामी से राजस्व नहीं बढ़ पा रहा है जबकि हमारे समय में कोविड जैसी महामारी के बाबजूद हमने राजस्व घटने नहीं दिया था। सरकार के आंकड़े के हिसाब से हाल में खत्म हुए वित्तीय वर्ष के दौरान भी आबकारी की राजस्व में तीन तिमाहियों के दौरान पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि मुख्यमंत्री हर जगह चालीस प्रतिशत वृद्धि का ढिंढोरा पीटते हैं। इस तरह से ही मुख्यमंत्री झूठ बोलकर सरकार चलाना चाहते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की हठधर्मिता से शराब ठेका नीलामी से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। नीलामी के आखिरी दिन भी प्रदेशभर में कई यूनिट्स नहीं बिके और नौबत यहां तक आई कि कई जगह रिजर्व प्राइस पर ही देने को मजबूर हो गए। आज अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक अब तक कई जिलों में कई यूनिट्स के खरीद के लिए किसी ने रुचि ही नहीं दिखाई है।

# सुक्खू ने अनाथ बच्चों को दिया हिमाचली प्रमाण-पत्र का अधिकार

- राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों को दिया बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण-पत्र का अधिकार



**शिमला,** 31 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को अनाथ बच्चों के लिए बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का अधिकार दिया है। श्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने यह निर्णय उन अनाथ बच्चों के लिए लिया है, जो पिछले 15 वर्षों से हिमाचल प्रदेश के बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। इससे पहले, मौजूदा दिशा-निर्देशों में ऐसी कोई व्यवस्था न होने के कारण यह बच्चे कल्याणकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों से वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री ने 30 अक्टूबर, 2024 को शिमला में बाल आश्रम टुटीकंडी के दौरे के दौरान इस समस्या को समझा और तत्परता से उपायुक्त, शिमला को इसकी समीक्षा कर समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद, राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों को यह प्रमाण-पत्र जारी करने का फैसला किया, जिससे वह भी अन्य नागरिकों की तरह राज्य की सुविधाओं और योजनाओं का लाभ उठा सकें। श्री सुक्खू अनाथ बच्चों के कल्याण के प्रति व्यक्तिगत रूप से सदैव संवेदनशील रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सचिवालय जाने की बजाय टुटीकंडी बाल आश्रम का दौरा किया, जहां उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया। उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना, जिसने सभी छह हजार अनाथ बच्चों को 'राज्य के बच्चे' के रूप में कानूनी मान्यता दी। इसके दृष्टिगत बच्चों के लिए शिक्षा, देखभाल और आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना' लागू की गई है।

# सैनी ने हिसार हवाई अड्डे का किया दौरा

**चंडीगढ़,** 31 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे का दौरा किया और वहां चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। श्री सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित हिसार दौरे की तैयारियों के मद्देनजर अधिकारियों को चालू कार्यों में तेजी लाने की हिदायत दी, साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को अग्रिम तैयारियां करने के लिए कहा। गौरतलब है कि हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या सहित विभिन्न राज्यों के लिए यात्री सेवाएं आरंभ करने की योजना फलीभूत होने जा रही है। गत शुक्रवार को ही महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एलायंस एयर के यात्री विमान की सफलतापूर्वक ट्रायल लैंडिंग करवाई गई जो बेहद सफल रही थी। एलायंस एयर के जिस विमान से ट्रायल लैडिंग करवाई गई है, वह 72 सीटर एटीआर-72600 विमान है। इस ट्रायल लैंडिंग के उपरांत हिसार से अयोध्या व अन्य स्थलों के लिए नियमित यात्री-विमानों के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। इस



### सैनी ने की मनसा देवी मंदिर में सुख, समृद्धि की कामना

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी सोमवार को चैत्र नवरात्रे के दूसरे दिन परिवार सहित माता मनसा देवी में माथा टेका व पूजा अर्चना कर महामायी का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की प्रार्थना की है। श्री सैनी ने यज्ञशाला पहुंचकर हवन किया व हवन में आहुति डाली।उन्होंने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि उन्होने महामायी से हरियाणावासियों के सुख और समृद्धि की प्रार्थना की है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

**नैनीताल,** 31 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड समेत राज्य के कई शहरों में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नैनीताल के रामनगर में ईद की नमाज अदा की गई। मस्जिदों, ईदगाहों और खुली जगहों पर सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। लोगों ने अल्लाह से अमन-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी. नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में रौनक दिखने लगी थी। लोग नए कपड़े पहनकर परिवार के साथ नमाज अदा करने पहुंचे। नैनीताल जिले की अलग अलग क्षेत्रों में स्थित प्रमुख मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नैनीताल नगर में भी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों का हुजूम उमड़ा. बच्चों और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया। ईद को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे,संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात है। जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया गया और हर गतिविधि पर नजर रखी गई। शहरों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# कर्मचारियों व पेंशनरों को वेतन-पेंशन का भुगतान आज

**शिमला,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनरों को वेतन-पेंशन का भुगतान मंगलवार को होगा। वित्त वर्ष के अंतिम सप्ताह के दौरान एक साथ तीन दिन का अवकाश होने के कारण इस तरह की स्थिति पैदा हुई है। इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए कर्मचारियों को वेतन मंगलवार को बैंक खाते में पहुंचेगा। राज्य के कर्मचारियों को हर महीने 1200 करोड़ वेतन व पेंशन पर 800 करोड़ रुपये खर्च होता है और कुल मिलाकर वेतन-पेंशन के लिए दो हजार करोड़ की दरकार रहती है। इसी तरह ऋण के ब्याज के तौर पर 500 करोड़ रुपये और कुल ऋण का मूलधन चुकाने के लिए 300 करोड़ रुपए की आवश्यकता रहती है। वित्त वर्ष के पहले महीने सरकार को 2800 करोड़ की जरूरत रहेगी। राज्य सरकार को इस समय प्रति माह 4 तरह की देनदारियों का भुगतान करना पड़ता है। इसमें पहला



कर्मचारियों का मासिक वेतन, दूसरा पेंशनरों की मासिक पेंशन, तीसरा पहले लिए ऋण का मूलधन लौटाना और चौथा ऋण के ब्याज का भुगतान करना शामिल है। प्रदेश के सरकारी व सार्वजनिक उपक्रमों में कर्मचारियों की संख्या 187340 है और पेंशनरों की संख्या 178218 है।

**अंतिम महीने दो बार ऋण लिया**

प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष के पहले महीने की देनदारियों को ध्यान में रखते हुए मार्च माह के दौरान दो बार ऋण लिया। पहले सप्ताह के दौरान 322 करोड़ का ऋण लिया गया और मार्च माह के अंतिम सप्ताह में 22 मार्च को 337 करोड़ का ऋण लिया गया और कुल ऋण धनराशि 659 करोड़ है।

# भारी संख्या में लोगों ने उठाया बहुउद्देशीय शिविरों का लाभ

**शिविरों ने जनता और सरकार के बीच की दूरी को कम करते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया**

**देहरादून,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तराखंड में सेवा, सुशासन और विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों का सफल समापन हुआ। इन शिविरों ने जनता और सरकार के बीच की दूरी को कम करते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रदेश के हर जिले, हर विधानसभा और हर ब्लॉक स्तर पर आयोजित इन शिविरों में भारी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिससे यह साबित हो गया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के विकास कार्यों पर जनता का पूर्ण विश्वास है।



- नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, टीकाकरण और आयुष्मान भारत योजना के तहत सैकड़ों जरूरतमंदों को राहत मिली

22 मार्च से 25 मार्च तक सभी जिला मुख्यालयों में और 24 मार्च से 30 मार्च तक विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर इन बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधम सिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी सहित प्रदेश के सभी 13 जनपदों में इन शिविरों को जबरदस्त जनसमर्थन मिला। हजारों नागरिकों ने इसमें भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इस व्यापक भागीदारी ने साबित कर दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। इन शिविरों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, टीकाकरण और आयुष्मान भारत योजना के तहत सैकड़ों जरूरतमंदों को राहत मिली। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति, पाठ्य पुस्तकें और डिजिटल शिक्षा उपकरण वितरित किए गए, जिससे हजारों छात्र लाभान्वित हुए। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुद्रा योजना और स्टार्टअप योजनाओं के तहत युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी, अनुदान और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ सके।वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के लिए विशेष पेंशन शिविरों का आयोजन किया गया, जहां हजारों लाभार्थियों को तत्काल सहायता प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी जरूरतमंद सरकारी सहायता से वंचित न रहे। शिविरों के सफल आयोजन के बाद प्रदेश के कोनेकृकोने से जनता ने सरकार के प्रति आभार व्यत्तफ किया।

# संरक्षित पशु के अवशेष मिलने पर आक्रोश फैला, लोगों ने लगाया जाम

**देहरादून,** 31 मार्च (देशबन्धु)। संरक्षित पशु के अवशेष सडक पर मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया और हिन्दूवादी संगठनों ने मौके पर पहुंच जाम लगा दिया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच लोगों को समझाने व आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोला। पुलिस ने पशु के अवशेषों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार प्रातः करीब साढे ग्यारह बजे रायपुर क्षेत्रान्तर्गत ईश्वर विहार में एक संरक्षित पशु के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी और आनन फानन में काफी संख्या में हिन्दूवादी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता वहां पर एकत्रित हो गए और उन्होंने रायपुर क्षेत्र में सड़क पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोगों का गुस्सा बढता जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया कि दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा और जांच कर उसका पता लगाया जायेगा। रायपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि लोगों को समझाने का प्रयास किया और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाही करने का आश्वासन दिया। काफी देर तक पुलिस के समझाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोल दिया।

### सुडोकू 6869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

# प्रादेशिकी

## डीएम कार्यालय के सामने महिला ने नमाज पढ़ी, सात होमगार्ड निलंबित

**हमीरपुर।** सार्वजनिक स्थलों और खुले में नमाज पढ़ने पर रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में ईद के पर्व पर एक मुस्लिम महिला ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नमाज अता की। महिला का नमाज अता करता वीडियो वायरल होने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया, पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है,वही जिलाधिकारी कार्यालय गेट में ड्यूटी कर रहे सात होमगार्ड कर्मियों को निलंबित कर दिया है जिसमे तीन महिला होमगार्ड भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक आज सुबह मुस्लिम महिला मुन्नी जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने बैठकर नमाज अता करने लगी। 44 सेंकेंड के वीडियो में महिला जमीन में बैठकर सजदा करती है,फिर कुछ देर बैठने के बाद हाथ उठाकर दुआ मांगती नजर आ रही है।

# उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्राधिकरणों का बनेगा डाटाबेस



**लखनऊ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और ट्रैक करने के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्य करते हुए इन्वेस्ट यूपी अब राज्य के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों के विस्तृत डाटाबेस बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने जा रही है।

अधिकारियों का दावा है कि इससे भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्वक पूरा करने के साथ ही विभिन्न प्राधिकरणों में रिक्त प्लॉट्स तथा आवंटित भूमि पर उद्योग स्थापना तथा क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति को जानने में मदद मिलेगी। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जिन प्राधिकरणों में इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उनमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) तथा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) प्रमुख हैं। इन सभी औद्योगिक प्राधिकरणों में चिह्नित लैंड बैंक पर नजर रखते हुए पहले से आवंटित प्लॉट्स के आक्यूपेंसी स्टेटस, इन प्लॉट्स पर लगाए जाने वाले औद्योगिक इकाइयों की प्रगति व वर्तमान स्थिति तथा रिक्त प्लॉट्स के प्रकार व उनसे जुड़ी अन्य जानकारियों के संचयन व संकलन के लिए दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति के माध्यम से कार्यों को पूरा किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश के औद्योगिक प्राधिकरणों में भूमि आवंटन प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़े, इस उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी की निगरानी में डाटाबेस निर्माण के कार्य को पूरा किया जाने की योजना है। इसके लिए इनवेस्ट यूपी दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को जल्द पूरा करेगी जो प्राधिकरणों के ऑफसाइट व ऑनसाइट लैंड पूल की निगरानी, उनसे जुड़े विभिन्न तथ्यों के संकलन तथा मासिक रिपोर्ट के माध्यम से विभिन्न प्राधिकरणों में औद्योगिक भूखंडों पर इकाई संचालन, निर्माण व विकास कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएगी।

## योगी बरेली को देंगे विकास योजनाओं की सौगात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को 'झुमका' नगरी बरेली को 932 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि श्री योगी पहली अप्रैल को बरेली आयेंगे जहां वह 932.59 करोड़ रुपए धनराशि की 132 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बरेली कालेज परिसर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के उपरांत मुख्यमंत्री विकास भवन सभागार में बरेली मंडल विकास कार्य समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद तहसील नवाबगंज ग्राम अधकटा नजराना में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। वहां पर भी जनता को संबोधित करेंगे।

## मेरठ में अवैध अस्पताल का खुलासा

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा हॉस्पिटल, महिला मरीज का अमानवीय तरीके से हुआ ऑपरेशन

■ झोलाछाप डॉक्टर दूसरे चिकित्सकों की डिग्री का दुरुपयोग कर मरीजों का इलाज कर रहे



**मेरठ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया है। पहलादनगर स्थित उज्जवल हॉस्पिटल में बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और एनओसी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सबसे गंभीर मामला यह है कि एक महिला मरीज का अमानवीय तरीके से ऑपरेशन किया गया।

हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर शान और माजिद द्वारा नियमों की खुली अवहेलना की जा रही है। यहां झोलाछाप डॉक्टर दूसरे चिकित्सकों की डिग्री का दुरुपयोग कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अस्पताल प्रशासन स्वास्थ्य विभाग को हर महीने मोटी रकम देकर कार्रवाई से बचता रहा है। जब इस मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर शान से संपर्क किया गया, तो उन्होंने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि वायरल वीडियो उनके अस्पताल का नहीं है और उनके पास सभी आवश्यक रजिस्ट्रेशन मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता भी चिंता का विषय है। इतनी गंभीर शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह मामला मरीजों की सुरक्षा और चिकित्सा नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री से ईद पर मिलने पहुंचे क्षेत्र के लोग



**किठौर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कस्बे में ईद उल फितर का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया नमाज के बाद लोग अपने-अपने घर पहुंचे और ईद के मौके पर एक दूसरे से गले मिलकर मोहब्बत का इजहार किया वही कस्बे के कैबिनेट मंत्री समाजवादी पार्टी शाहिद मंजूर वर्तमान विधायक से मिलने के लिए क्षेत्र के वह दूर दराज के लोग पहुंचे और ईद की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर शाहिद मंजूर ने लोगों से कहा कि यह भाईचारे का त्यौहार है इसमें सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर ईद मनाई जानी चाहिए वही नगर के पूर्व अध्यक्ष शम्स परवेज ने कहा कि यह ईद का त्यौहार हर किसी परिवार में खुशियां लेकर आता है जिसको सभी लोग अच्छे से मनाये और एक दूसरे में प्यार बाँटे ईद का त्यौहार बड़ी शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया वह बच्चों ने खूब खेल खिलौने खरीद कर मिठाइयां खाकर ईद मनाई।

## सार संक्षेप

### हार्ट अटैक से लेफ्टिनेंट कर्नल की मौत

**मेरठ।** लेफ्टीनेंट कर्नल अभिनव मलिक की हार्ट अटैक से तेलंगाना में मौत हो गई। उनकी उम्र 38 साल थी। वह सिकंदराबाद में तैनात थे। चचेरे भाई भाजपा नेता मोहित मलिक ने बताया कि रविवार शाम को वह ड्यूटी से अपने रेजिडेंस पहुंचे थे। अचानक रात 10:30 बजे उन्हें घबराहट हुई। अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद परिजन तेलांगना के लिए रवाना हो गए हैं। परिजन के अनुसार अभिनव ने साढ़े सत्रह साल की उम्र में इंटर के बाद सेना में टेक्निकल एंट्री ली थी। उनकी पढ़ाई सेंट मैरी स्कूल से हुई थी। पिता रणवीर सिंह मलिक करीब 10 साल पूर्व कर्नल से रिटायर हुए थे। माता राजिंद्री, पत्नी तनु मालिक, 4 साल की बेटी मायरा और एक शादीशुदा बड़ी बहन विभा हैं। अभिनव के माता-पिता गंगानगर थाना क्षेत्र के रक्षापुरम में रहते हैं।

### कंज्यूमर ऐप से घर बैठें लाभ उठाएं बिजली उपभोक्ता

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने बताया कि यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप से उपभोक्ता घर बैठें ही विभिन्न विद्युत सेवाओं का लाभ उठा सकतें हैं। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता बिजली बिल जनेरट, ऑनलाइन भुगतान, ट्रस्ट मीटर रीडिंग, भुगतान स्टेटस चेक जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता स्वयं मीटर रीडिंग दर्ज कर बिजली बिल डाउनलोड कर सकतें हैं। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता नाम, पता, बिल व श्रेणी सुधार, कनेक्शन स्थानान्तरण व सौर ऊर्जा रूफटॉप आवेदन के लिए भी ऑनलाइन अनुरोध कर सकतें हैं, जिससे उन्हें कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर/ एप स्टोर पर उपलब्ध है। साथ ही, इसे पीवीवीएनएल आधिकारिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

### सरल सामूहिक विवाह कराया

**मेरठ।** भारत विकास परिषद उत्कर्ष शाखा ने भारत विकास वर्ष के अंतिम दिन एक कन्या का सरल सामूहिक विवाह कराया। जिसके अंतर्गत तान्या सन्ग सोनू का विवाह संपन्न हुआ इसमें सभी उत्कर्ष शाखा का सहयोग रहा अध्यक्षता राजीव गोयल ने की सचिव प्रवीण सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन किया। कोषाध्यक्ष गौरव और महिला संयोजिका सोनिया कश्यप रही कार्यक्रम के चेयरपर्सन दीपक सिंगल और स्वाति रहे मुख्य अतिथि में नीता अनुराग दुबलिश प्रांतीय अध्यक्ष शशिकांत मित्तल सचिन सरल माधव मीडिया प्रमुख सुरेश शर्मा राजेश सिंघल रीना सिंगल रितु पवन जितेंद्र मनीष सुनील योगेश रजनी आशुतोष ममता अशोक तनु पारुल मनिका पंकज आदि उपस्थित रहे कन्या कौ उसकी जरूरत का सामान दिया गया कन्या कन्या की विदाई के बाद परिषद के मेंबर्स ने कपल डांस करें साथ में तंबोला खेल और गेम्स भी खेल सभी ने बहुत उत्साह पूर्वक सभा का समापन किया।

### किडनी की बीमारी के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज न करें

**मेरठ।** भारत में किडनी की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन अधिकतर लोग इसके शुरुआती लक्षणों को पहचान नहीं पाते। क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिससे लगभग 15-17ः लोग प्रभावित हैं।

# जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

■ ईद की नमाज के बाद लहराया पोस्टर, पुलिस ने रास्ते से हटाया
■ हिन्दू भाई होली सड़कों पर ही खेलते हैं
■ पोस्टर पर कई प्वाइंटों को लिखकर जताया विरोध
■ मुस्लिमों ने अपना हाल-ए-दिल बयां किया



**मेरठ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। जनपद में आज ईद-उल-फितर का त्योहार शांति एवं आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाया जा रहा है। शाही ईदगाह पर अकीकतमंदों ने ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताड़ा द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सड़कों पर रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व एसएसपी ने सभी को ईद की बधाई दी। जनपद मेरठ की शाही ईदगाह के लिए भारी संख्या में नमाजी नमाज पढ़ने के लिए निकले। ईद को लेकर बड़े-बूढ़ों और बच्चों में उत्साह देखा गया। शहर में हल्के और भारी वाहनों के लिए सुबह 5 बजे से रूट डायवर्जन किया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया था। एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दिल्ली व बागपत की तरफ से भैंसाली बस अड्डे जाने वाली रोडवेज बसें परतापुर इंटरचेंज से सरधना फ्लाईओवर से मुड़कर कंकरखेड़ा रेलवे फ्लाईओवर होते हुए जीरो माईल चौराहे से बेगमपुल होते हुए निकाले गए। ईद के मौके पर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़ी गई। बड़ी संख्या में लोग ईदगाह नमाज पढ़ने पहुंचें। मेरठ जिले में164 ईदगाह व 515 मस्जिदें हैं। पिछले साल मस्जिदों के बाहर सड़कों पर नमाज अदा करने पर पुलिस ने यातायात बाधित करने के मामले दर्ज किए थे।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर स्पष्ट किया था कि अगर किसी ने सड़क पर नमाज पढ़ी तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पासपोर्ट के निरस्तीकरण की भी रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके विरोध में कुछ मुस्लिम युवकों ने नमाज के बाद सड़क पर पोस्टर लहराया। इसमें उन्होंने लिखा कि सड़कों पर सिर्फ मुस्लिम नमाज नहीं पढ़ते हैं। पोस्टर पर प्वाइंटों में लिखा गया कि हिन्दू होली सड़कों पर मनाता है। शिवरात्रि सड़कों पर मनाता है। कांवड़ियां सड़क पर निकलता है। रामनवमी यात्रा सड़क पर करता है।

दिवाली पर पटाखे सड़क पर फोड़ता है। गणेश चतुर्थी सड़कों पर मनाता है। लिखा गया कि होली पर संभल समेत पूरे उत्तर प्रदेश में मुसलमान की नमाज का टाइम बदला गया। रमजान के जाते-जाते सड़क पर नमाज का मुद्दा पुलिस अधिकारियों ने गर्माया। कहीं सेवइयों के बदले गुझिया की शर्त रखी गई तो कहीं सड़क पर नमाज पढ़ने पर पासपोर्ट और लाइसेंसों के निरस्त करने की चेतावनी दी गई। यूपी में सड़क पर नमाज की कोई खबर नहीं है। मगर मुस्लिम अब अपना हाल-ए-दिल बयां करना चाहता है। पोस्टर लहरा रहे युवकों को पुलिस ने माइक से अनाउंसमेंट करके वहां से हटा दिया। इस दौरान नमाजियों ने भारी संख्या में अपने बाजुओं पर काली पट्टी भी बांधकर नमाज पढ़ने पहुंचे।

### नमाज के बाद दो पक्ष आपस में भिड़े, पथराव व फायरिंग

**मेरठ।** सिवालखास कस्बे में नमाज के बाद मुस्लिम समाज के दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों तरफ से पथराव हो गया। दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में लोग आमने-सामने आ गए। चीख-पुकार मच गई। फायरिंग हो गई। मारपीट और पथराव में कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। सूचना पर जानी थाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसपी देहात ने बताया कि दोनों पक्षों के 11 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सिवालखास निवासी जाहिद रविवार को बाजार में गया था। वहां वह किसी को गाली दे रहा था। सिवालखास के नाजिम ने उसको गाली देने से रोका तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उस समय मामला शांत हो गया।

## हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल फितर का त्योहार



**किठौर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अल्लाह ने रमजान के रोजों और इबादत से खुश होकर मुसलमानों को ईद की खुशी अता की। अल्लाह ने फरमाया कि बदनसीब है वो शख्स जिसने रमजान का महीना पाया और अपनी मगफिरत (मोक्ष प्राप्ति) न कराई। ये बातें हाफिज हुसैन अहमद ने रविवार को ईद की नमाज अदायगी से पूर्व कहीं। उन्होंने कहा अल्लाह ने रमजान के तोहफे के तौर पर मुसलमानों को ईद अता की। ईद का शाब्दिक अर्थ खुशी है। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अपनी खुशी में अपने भाईयों को भी शामिल करे। इसके लिए साहिबे-निसाब (संपन्न) मुसलमान को चाहिए कि वह अपने गरीब मुस्लिम भाई की खुशी का ख्याल करते हुए उसे ईद से पहले सदका-ए-फित्र (आर्थिक मदद) अदा करे। ताकि गरीब मुस्लिम भाई भी ईद के दिन खुशी मना सके। कहा कि इस्लाम मुल्क और मादरे वतनी भाईयों से मुहब्बत का पैगाम देता है। हमें अपने मुल्क और यहां बसे हर जाति मजहब के लोगों से प्यार करना चाहिए। सुबह 7.30 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदायगी के बाद पूरे मुल्क की तरक्की और अमनो-अमान की दुआ की गई।

## ईद की नमाज शांति पूर्वक संपन्न

**मवाना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। ईद-उल-फितर की सामूहिक नमाज सोमवार सवेरे ईदगाह में कड़े बंदोबस्त के बीच शांति पूर्वक संपन्न हो गई। मुस्लिमों ने देश में अमनो-अमान के लिए दुआ मांगी। एसडीएम, सीओ, पूर्व विधायक, चेयरमैन व ईओ ने शहरकाजी समेत अकीदतमंदो को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर में ईद की सामूहिक नमाज बड़ा महादेव मंदिर के पास स्थित शाही ईदगाह पर सुबह आठ बजे शहर काजी मौलाना नफीस द्वारा अदा करायी गई। नमाज उपरांत उन्होंने अकीदतमंदों को देश में अमन-चैन के लिए दुआ कराई। शहरकाजी ने तहरीर ने तकरीर में अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने व बुराइयों से दूर रहने की अपील की। पुलिस प्रशासन की सख्ती से नमाज सड़क पर नही पढ़ी गई। अकीदतमंदों ने ईदगाह के अलावा खेतों व रजवाहे की पटरी पर भी नमाज अदा की। इस दौरान एसडीएम दीपक माथुर, सीओ अभिषेक पटेल, नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, ईओ राजीव कुमार जैन, सर्वेश चैधरी, शिक्षक नेता चैधरी नरेशपाल, थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव, फैय्याज अहमद आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात था। थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव मय फोर्स मौजूद रहे। नगर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई।



# मैं राम से मिलकर आया हूं अब रहीम से मिला: आचार्य

**किठौर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। ईद उल फितर के मौके पर कस्बे में हिंदू मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के लिए और हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करने के लिए आज जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर राजेंद्रानंद सरस्वती जूना अखाड़ा हस्तिनापुर पहुंचे उनके स्वागत में कस्बे के कई सामाजिक लोग जिनमे डॉक्टर नासिर हुसैन,मतीन चैधरी, डॉक्टर सोहेल, और कई दर्जन लोग पहुंचे उनका स्वागत डॉक्टर नासिर हुसैन के निवास स्थान पर किया गया वहीं आचार्य महामंडलेश्वर राजेंद्र नाथ सरस्वती जूना अखाड़ा ने अपने एक प्रेस को दिए संबोधन में कहा कि मैं राम से मिलकर आया हूं अब रहीम से मिल रहा हूं ।



उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रति कई मिसालें देकर समझाने की कोशिश की वहीं उन्होंने राजनीतिक लोगों पर वार करते हुए कहा कि यह लोग तो जात-पात की राजनीति कर रहे हैं हिंदू मुस्लिम को बाँट कर ही इनका मकसद पूरा हो रहा है।

# नाइट्रेट की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : डॉ आरएस सेंगर



■ जब नाइट्रोजन का एक अणु ऑक्सीजन के तीन अणुओं से मिलता है, तो नाइट्रेट बनता है

**मेरठ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। डॉ आर.एस. सेंगर ने बताया कि प्राय देखा गया है कि लोग सब्जियों तथा अन्य अनाजों वाली फसलों को बिना धुले हुए खा लेते हैं जिसके कारण उनके शरीर में कई प्रकार के रसायन पहुंच जाते हैं खास तौर से आजकल रासायनिक करो का काफी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि जो भी अनाज हम अपने खाने में या हरी सब्जी का प्रयोग कर रहे हैं तो उसको भली भांति साफ कर लें जिससे उन पर लगा हुआ कोई भी रसायन पेस्टिसाइड या हरबसाइड है तो वह पानी में धूल कर निकल जाए यदि आप ऐसा करेंगे तो निश्चित रूप से आप अपने स्वास्थ्य को काफी हद तक ठीक रख सकेंगे।

नाइट्रेट शब्द सुनते ही आप को केमिस्ट्री की क्लास का खयाल आता है. जिन लोगों को ज्यादा जानकारी है, वो ये समझते है कि खाने में नाइट्रेट होने का मतलब है कि ये बहुत नुकसान करेगा, नाइट्रेट का इस्तेमाल मांस के टुकड़ों को संरक्षित करने और ज्यादा दिनों तक खराब न होने देने के लिए किया जाता है, लेकिन, कई रिसर्चर इससे कैंसर होने की आशंका जता चुके है। जब नाइट्रोजन का एक अणु ऑक्सीजन के तीन अणुओं से मिलता है, तो नाइट्रेट बनता है। इसी तरह नाइट्रोजन का एक और ऑक्सीजन के दो अणू मिलकर भाइट्राइट बनाते हैं। दोनों की मदद से खाने को खराब होने से रोका जाता है। इनका इस्तेमाल कानूनी रूप से वैध है। नाइट्रेट और नाइट्राइट की मदद से मांस और चीज को खराब होने से बचाया जाता है, ताकि हम उनका लंबे समय तक प्रयोग कर सकें हमारे शरीर में मौजूद नाइट्रेट का केवल 5 परसेंट ही प्रोसेस्ड फूड या मीट से आता है। 80 परसेंट से ज्यादा नाइट्रेट और नाइट्राइट जैसे सब्जियों से मिलते हैं. सब्जियों के एंजाम, मिट्टी में मौजूद खनिज से केमिकल रिएक्शन कर के नाइट्रेट और नाइट्राइट बना लेते हैं। पालक या चैलाई के पत्तों में काफी नाइट्रेट होता है. इसी तरह चुकंदर का जूस और गाजर में भी ये दोनों केमिकल होते है कई अमीनो एसिड के साथ मिलकर रिएक्शन करता है। हमारे शरीर में ज्यादातर नाइट्राइट, हमारे मुंह में पाए जाने वाले बैक्टीरिया की वजह से होता है। जब हम माउथवॉश करते हैं, तो कड़ी तादाद में मुंह के बैक्टीरिया मर जाते हैं। इससे शरीर में माइट्राइट जाने का खतरा कम होता है। मुंह से पेट में पहुंचने वाले कई नाइट्राइट दूसरे केमिकल से मिलकर आंतों के कैंसर की वजह बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए पेट में खास तरह के अमीनो एसिड होने जरूरी हैं या फिर मांस की ज्यादा तेज गर्म करने, मांस को तल कर खाने से ये ही ये अमीनो एसिड पेट में पहुंचते हैं वर्ल्ड कैसर रिसर्च फंड की केट एलेन कहती हैं कि नाइट्रेट या नाइट्राइट से कैंसर नहीं होता। जिस तरह से उन्हें पकाया जाता है, मांस में खास अमीनो एसिड होते हैं।

## मोहल्ला हीरालाल की रहने वाली दंपत्ति ने बहु से परेशान होकर थाने में सौंपी तहरीर

**मवाना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। थानाक्षेत्र के मौहल्ला हीरालाल की रहने वाली दंपत्ति ने बहु से तंग आकर थाना मवाना में कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा है। कस्बे के हीरालाल गुरुद्वारा वाली गली की रहने वाली महिला नीलम पत्नी मनोज ने थाने में तहरीर सौंपते हुए बताया कि उसके बेटे संचित अरोरा पुत्र की शादी उत्तराखंड राज्य के देहरादून की रहने वाली युवती के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी पुत्रवधु का आचरण उसके परिवार के साथ ठीक नहीं है वह उनके लड़के पर दबाव बनाती आ रही है कि लड़का उसको लेकर उसके घर देहरादून चला जाये वहीं पर कुछ काम करले। परन्तु उनका लड़का वहां जाने को तैयार नहीं है परन्तु पुत्रवधु व उसके घर वालों ने लड़के पर इतना दबाव व डरा रखा है कि उनका लड़का डिप्रेशन में आ गया है। सोमवार को उनकी पुत्रवधु के घर वाले बहन,सास, बहनोई अपने घर वालों के साथ प्रार्थनी के लड़के को लेकर अपना समस्त जेवर व कीमती कपडे आदि व अपनी लड़की उम्र 2 वर्ष को अपने साथ लेकर जा रही थी तथा उसके लड़के पर जो मवाना का कर्ज है उसे छोड़कर जिसको अदा प्रार्थनी का परिवार करेगा। उसको डर है कि उनका लड़का दबाव में कोई उल्टा सीधा अनहोनी काम न कर बैठे। यदि वह अनहोनी घटना घटित करता है तो उसके जिम्मेदार उनकी पुत्रवधु व उसका परिवार ही होगा। आज के बाद प्रार्थनी या उसके परिवार से पुत्रवधु व लडके का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहेगा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर लेने के बाद मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



## 'जाट' में सनी देओल संग नजर आएंगी उर्वशी रौतेला

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला 12 साल बाद अभिनेता सनी देओल संग काम कर रही हैं। रौतेला जल्द ही 'जाट' के गाने 'टच किया' में नजर आएंगी। अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं। उर्वशी ने कहा कि 12 साल बाद सनी देओल सर के साथ काम करना शानदार है और इसके लिए मैं खुद को लकी मानती हूं। वह बेहतरीन एक्शन हीरो हैं और मैं 'जाट' में उनके साथ काम करने के लिए रोमांचित हूं। उर्वशी रौतेला साल 2013 में आई फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' में सनी देओल के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं 19 साल की थी, तब उन्होंने मुझे 2013 की हिट फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' में काम दिया था, जो मेरी पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी।

# तनाव की दवाओं का लंबा इस्तेमाल बढ़ा सकता है हृदय संबंधी मौत का खतरा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का लंबे समय तक उपयोग करने वाले लोगों को अचानक हृदयगति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। एक

- 43 लाख निवासियों पर किए गए अध्ययन में खुलासा
- हृदय की मांसपेशियों के मोटा होने संबंधी समस्याओं का कारण



अध्ययन में पाया गया है कि यह खतरा उम्र और दवा लेने की अवधि पर निर्भर करता है। अचानक हृदयगति रुकने का मतलब है किसी व्यक्ति की अप्रत्याशित मृत्यु, जो हृदय से संबंधित समस्या के कारण होती है। अगर किसी के सामने ऐसा होता है, तो लक्षण दिखने के एक घंटे के अंदर मौत हो सकती है।

डेनमार्क के 43 लाख निवासियों पर किए गए इस अध्ययन से पता चला कि जो लोग 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लेते हैं, उनमें अचानक हृदयगति रुकने का खतरा 56 प्रतिशत अधिक होता है। वहीं, जो लोग 6 साल या उससे अधिक समय तक इन दवाओं का उपयोग करते हैं, उनके लिए यह खतरा 2.2 गुना अधिक होता है।

30 से 39 साल की उम्र के लोगों में, जिन्होंने 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लिए, उन्हें अचानक हृदयगति रुकने का खतरा बिना दवा लेने वालों की तुलना में करीब तीन गुना अधिक था। 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेने वालों में यह खतरा पांच गुना तक बढ़ जाता है।

50 से 59 साल की उम्र के लोगों में, जो 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लेते हैं, उनका अचानक हृदयगति रुकने का खतरा दोगुना हो जाता है। और जो 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेते हैं, उनके लिए यह खतरा चार गुना अधिक होता है।

डॉ. जस्मिन मुज्कानोविक, जो कोपेनहेगन, डेनमार्क के रिग्सहॉस्पिटलेट हृदय केंद्र से हैं, ने कहा कि एंटीडिप्रेसेंट लेने की अवधि जितनी लंबी होगी, अचानक हृदयगति रुकने का खतरा उतना ही अधिक होगा, और यह इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति ने दवा कितने समय तक ली है।

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेते हैं, उनके लिए खतरा 1 से 5 साल तक दवा लेने वालों की तुलना में और भी अधिक होता है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि 39 साल से कम उम्र के लोगों में यह समस्या अक्सर हृदय की मांसपेशियों के मोटा होने संबंधी समस्याओं के कारण होती है। बुजुर्गों में, दिल को रक्त पहुंचाने वाली नसों का संकुचित होना इसका मुख्य कारण होता है। यह अध्ययन यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के वैज्ञानिक सम्मेलन ईएचआरए में प्रस्तुत किया गया।

मुज्कानोविक ने बताया कि अचानक हृदय गति रुकने का खतरा एंटीडिप्रेसेंट के संभावित हानिकारक प्रभावों और दवा लेने की अवधि के कारण हो सकता है। इसके अलावा, यह बढ़ोत्तरी डिप्रेशन से जुड़े व्यवहार या जीवनशैली के कारकों, जैसे स्वास्थ्य सेवा में देरी या खराब हृदय स्वास्थ्य, से भी प्रभावित हो सकती है। इसमें आगे और शोध की आवश्यकता है।

# तरबूज के सेवन से नहीं होगी पानी की कमी और बनी रहेगी ऊर्जा

- उमस भरी गर्मी के कारण थकान, सुस्ती और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात
- पुदीने की पत्तियां, नींबू का रस और थोड़ा सा काला नमक डालकर ब्लेंड करने से डिहाइड्रेशन में राहत



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। गर्मी का मौसम आते ही शरीर में पानी की कमी और डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ जाती है। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के कारण थकान, सुस्ती और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी हो जाता है। सिर्फ पानी पीना ही काफी नहीं होता, बल्कि हेल्दी जूस भी आपके शरीर को न सिर्फ हाइड्रेट रखते हैं बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। गर्मियों में कुछ खास जूस आपके शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ ऊर्जा भी देंगे। आइए जानते हैं ऐसे तीन जूस के बारे में, जो इस चिलचिलाती गर्मी में आपको तरोताजा बनाए रखेंगे। तरबूज में लगभग 92 प्रतिशत पानी होता है, जो इसे गर्मी में सबसे बेहतरीन हाइड्रेटिंग फल बनाता है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को न सिर्फ डिटॉक्सिफाई करते हैं बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी बनाए रखते हैं। ये शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और एसिडिटी से राहत देता है। स्किन को ग्लोइंग और फ्रेश बनाए रखता है। तरबूज के टुकड़ों को मिक्सर में डालें, थोड़ा सा नींबू का रस और पुदीने की पत्तियां मिलाकर ब्लेंड करें। चाहें तो इसमें काला नमक और थोड़ा सा शहद भी मिला सकते हैं।

गर्मी में नारियल पानी सबसे नेचुरल और हेल्दी ड्रिंक में से एक है। यह इलेक्ट्रोलाइट्स, मिनरल्स और विटामिन्स से भरपूर होता है। जब इसे नींबू के रस के साथ मिलाकर पिया जाता है, तो यह एक बेहतरीन एनर्जी बूस्टर ड्रिंक बन जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है। लू और हीटस्ट्रोक से बचाने में मदद करता है। नारियल पानी में नींबू और काला नमक मिलाकर पी सकते हैं।

## अनीता हसनंदानी

### क्यों नहीं घटा पाती हैं वजन, बताई वजह



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 'काव्यांजलि', 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'नागिन 3' जैसे शो में शानदार काम कर लोकप्रिय हुईं अनीता हसनंदानी ने इस बारे में मजेदार खुलासा किया कि वह क्यों 'कुछ किलो' वजन नहीं घटा पाती हैं। अनीता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने बेटे आरव रेड्डी के साथ मस्ती से टहलती नजर आ रही हैं। वीडियो पर एक ओवरले टेक्स्ट लिखा था, 'मैं कुछ किलो वजन घटाना चाहती हूं। लेकिन मैं कभी नहीं घटा पाती हूं। मैं विजेता हूं।' कैप्शन में उन्होंने लिखा कि मैं खाते हुए पोस्ट करती हूं। नताशा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1998 में टेलीविजन शो 'इधर उधर' से की थी और अपने फिल्मी करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्म 'नुव्वु नेनु' से की थी। 2001 से 2002 तक, उन्होंने कभी सौतन कभी सहेली में तनुश्री की भूमिका निभाई। 2005 में काव्यांजलि के साथ उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। 2007 में उन्होंने पहली बार 'कयामत' में स्वाति भाटिया की भूमिका निभाई। इसके बाद वह हिंदी फिल्म 'दस कहानियां' और 'जस्ट मैरिड' में दिखाई दीं। 2007 से 2008 तक उन्होंने नमन शॉ के साथ 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में सांची विरानी की भूमिका निभाई।

# कृष्ण कमल देवताओं को भी प्रिय, खूबसूरत फूल सेहत के लिए भी वरदान

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। खिला-खिला बैंगनी रंग का चमकता फूल, जो अपनी भीनी-भीनी खूशबू से न केवल घर के माहौल को सकारात्मक बना देता है, बल्कि इसकी खूबसूरती मन मोह लेती है। जी हां! हम बात कर रहे हैं भगवान श्री कृष्ण को प्रिय कृष्ण कमल के बारे में जो औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से आयुर्वेद में काफी महत्व रखता है।

कृष्ण कमल को अंग्रेजी में पैशन फ्लावर के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड में कृष्ण कमल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं आपको शानदार फूल के बारे में बताना चाहता हूं और इसका नाम है 'कृष्ण कमल'। क्या आप गुजरात के एकता नगर में 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' को देखने गए हैं? स्टेचू ऑफ यूनिटी के आसपास आपको ये कृष्ण कमल बड़ी संख्या में दिखेंगे। ये फूल पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। ये कृष्ण कमल एकता नगर के आरोग्य वन, एकता नर्सरी, विश्व वन में आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। यहां योजनाबद्ध तरीके से लाखों की संख्या में कृष्ण कमल के पौधे लगाए गए हैं। आप भी अपने आसपास देखेंगे तो आपको फूलों की दिलचस्प यात्राएं दिखेंगी। ऐसे में अब आप सोच रहे होंगे कि ये कृष्ण कमल क्या है? और इसका क्या महत्व है? तो बता दें कि धर्म के साथ ही आयुर्वेद में भी इसका काफी महत्व है। कृष्ण कमल को बारीकी से समझने में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने मदद की। आयुर्वेद में कृष्ण कमल के महत्व को जानने से पहले बता दें कि धर्म में भी इसका खासा महत्व है। कृष्ण कमल भगवान कृष्ण को अति प्रिय है और इसका उल्लेख महाभारत में भी मिलता है। मान्यता है कि यह फूल श्री कृष्ण के साथ ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी अति प्रिय है। ऐसे में मन को तरोताजा कर देने वाले इस फूल को भला आयुर्वेद में कैसे स्थान नहीं मिलता। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो मानव शरीर के लिए वरदान कहे जा सकते हैं। कृष्ण कमल के औषधीय गुणों से पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बीएएमएस, एमडी डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि औषधीय गुणों से भरपूर कृष्ण कमल के सेवन से न केवल मन को शांति मिलती है बल्कि इसके सेवन से कई रोग छूमंतर हो जाते हैं।



### कैसे करें कृष्ण कमल का सेवन

डॉक्टर ने बताया कि इसका सेवन भी आसान है। उन्होंने बताया कि आपको इसे चाय की तैयारी करने के लिए एक चम्मच सूखे फूल के पाउडर को एक कप पानी में उबालकर 5-10 मिनट के लिए छोड़ देना है। इसके बाद इसे छानकर गुनगुना सेवन कर लीजिए। इसे दिन में 2 से 3 बार ले सकते हैं। अनिद्रा या तनाव से जूझ रहे लोग बिस्तर पर जाने से पहले इसका सेवन कर सकते हैं। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि कृष्ण कमल न केवल अनिद्रा, तनाव में फायदेमंद है बल्कि यह उच्च रक्तचाप, मधूमेह और पेशाब में होने वाली जलन समेत अन्य कई शारीरिक समस्याओं से छुटकारा दिलाने में सक्षम होता है।

# सैफ और करीना ने परिवार के साथ मनाई ईद

– सबा और सोहा संग फ्रेम में आए नजर



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर ने अपने परिवार के साथ ईद का त्योहार मानाया। सबा पटौदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ईद के जश्न की झलक दिखाई, जिसमें परिवार के सदस्य एक ही फ्रेम में नजर आए।

सैफ की बहन सबा पटौदी के लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट के अनुसार, सैफ और करीना ने अपनी बहनों सबा और सोहा तथा सोहा के अभिनेता पति कुणाल खेमू के साथ ईद मनाई। पटौदी परिवार का हर एक सदस्य पारंपरिक परिधानों में बेहद खूबसूरत लग रहा था, बेबो सूट में नजर आईं।

ईद के जश्न की झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सबा ने कैप्शन में लिखा, 'ईद के पल परिवार सबसे ज्यादा मायने रखता है...एक खूबसूरत लंच के लिए भाई (सैफ अली खान), सोहा, बेबो (करीना कपूर खान) और कुणाल खेमू का शुक्रिया, जिन्होंने इसे खास बनाया। आखिरी...वीडियो वर्जन।

शेयर किए गए वीडियो में सबा सभी को ईद की मुबारकबाद देती नजर आईं ईद के मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने मुबारकबाद दी। प्रियंका चोपड़ा और सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर महेश बाबू समेत अन्य सितारों ने शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। ईद की मुबारकबाद देने वाले सितारों की सूची में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा, सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर माधुरी दीक्षित, रश्मिका मंदाना, महेश बाबू, सोनाक्षी सिन्हा, स्वरा भास्कर समेत अन्य कलाकारों के नाम शामिल हैं।

ममूटी ने अपने एक्स हैंडल पर प्रशंसकों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'सभी को ईद की मुबारकबाद।'

नयनतारा ने भी 'ईद मुबारक' पोस्ट के साथ शुभकामनाएं दीं।

कमल हासन ने लिखा कि रमजान की सभी लोगों को मुबारकबाद, एक पवित्र महीना जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, उदारता और गरीबों को गले लगाने की क्षमता का प्रतीक है।

# अप्रैल फूल मनाया तो उनको गुस्सा आया 61 साल पहले आई थी ये प्रैंक वाली मजेदार फिल्म

**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 'अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया' आज 31 मार्च है और कल वो दिन है, जब मजाक करने वाले लोग खूब मजाक के बाण चलाते हैं। जी हां! अप्रैल फूल आ गया। लगभग 60 साल पहले सायरा बानो और बिस्वजीत स्टारर कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिनेमाघरों में आई तो खूब पसंद की गई। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

एक मजाक पर बनी अप्रैल फूल की कहानी हो या कलाकार, यहां तक की फिल्म के गाने भी पसंद किए गए और लोग खूब एंटरटेन हुए। साल 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'अप्रैल फूल' का निर्देशन, निर्माण करने के साथ ही इसकी कहानी भी सुबोध मुखर्जी ने लिखी थी। फिल्म में बिस्वजीत और सायरा बानो मुख्य भूमिकाओं में हैं।




फिल्म के संगीत को शंकर-जय किशन ने तैयार किया था और गीत हसरत जयपुरी ने लिखे थे। फिल्म के हर एक गाने को दर्शकों का खूब प्यार मिला और गाने हिट रहे। वह चाहे 'अप्रैल फूल मनाया तो, उनको गुस्सा आया' हो या 'आ गले लग जा, मेरे सपने मेरे अपने', 'मेरी मोहब्बत पाक मोहब्बत' खूब चली। फिल्म की कहानी पर नजर डालें तो अशोक (बिस्वजीत) एक अमीर परिवार का लड़का रहता है। अशोक अमीर होने के साथ ही आलसी और मजाकिया इंसान भी रहता है। उसे मजाक करना अच्छा लगता है, खासकर अपने पसंदीदा दिन अप्रैल फूल्स पर। दोस्तों के एक शर्त के दौरान उसकी मधु (सायरा बानो) से दोस्ती हो जाती है और दोनों प्यार में पड़ जाते हैं। उनकी एक शरारत उन्हीं पर भारी पड़ जाती है और दोनों एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का निशाना बन जाते हैं। इसके बाद कहानी नया मोड़ लेती है और दोनों खुद को बचाने के साथ ही परिवार को बचाने के लिए जुट जाते हैं। फिल्म में बिस्वजीत और स्वरा भास्कर के साथ आईएस जोहर, सज्जन, राजन, नाजिमा, राम अवतार और जयंत, शिवराज, चांद उस्मानी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले निर्देशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म में काम करने का ऑफर देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर बलात्कार के साथ मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने का आरोप है। आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, लड़की के साथ न केवल बलात्कार किया बल्कि तीन बार उसका गर्भपात भी कराया।

सेंट्रल दिल्ली पुलिस के नबी करीम थाने की टीम ने निर्देशक सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है।

6 मार्च 2024 को 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने की धाराओं के तहत थाना नबी करीम में एफआईआर दर्ज की गई थी।

पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ मुंबई में लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने आरोप लगाया कि उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। उसने एफआईआर में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी 2025 को आरोपी, शिकायतकर्ता को नबी करीम के होटल शिवा में लाया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह उससे शादी करने के अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में भी आरोपों का समर्थन किया।

जांच के दौरान मुजफ्फरनगर से गर्भपात से संबंधित मेडिकल पेपर एकत्र किए गए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

इसके बाद 45 वर्षीय आरोपी सनोज मिश्रा को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी शादीशुदा है और परिवार के साथ मुंबई में रहता है। आरोप है कि झांसे से आरोपी उसे एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने एफआईआर में यह भी बताया कि आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया, तो वह इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा। इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके साथ ही फिल्मों में काम दिलाने का लालच भी दिया।



# सोते समय स्क्रीन का उपयोग करने से अनिद्रा का जोखिम

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि सोते वक्त मोबाइल फोन आदि की स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने वाले लोगों में अनिद्रा का जोखिम बढ़ जाता है। सोते समय बेड पर स्क्रीन का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा 59 फीसदी तक बढ़ जाता है। नॉर्वे में नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी नींद काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन, रात में सोने के दौरान लोग बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करने के आदी हो रहे हैं। जिससे उनकी नींद प्रभावित हो रही है। सोशल मीडिया को अक्सर नींद खराब करने वाला माना जाता है, लेकिन नॉर्वे में 18 से 28 साल के 45,202 युवाओं के एक सर्वे में पता चला कि स्क्रीन पर क्या देखा जा रहा है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शोध के मुख्य लेखक डॉ. गुन्हिल्ड जॉनसेन हेटलैंड ने कहा कि हमें सोशल मीडिया और दूसरी स्क्रीन गतिविधियों में कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। इसका मतलब है कि सिर्फ स्क्रीन देखना ही नींद खराब करता है। शायद इसलिए क्योंकि स्क्रीन देखने में समय निकल जाता है, और सोने का समय कम हो जाता है।



- मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी नींद काफी महत्वपूर्ण
- सोने से कम से कम 30-60 मिनट पहले बंद कर दें स्क्रीन

अध्ययन से पता चला है कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करने से नींद का समय 24 मिनट कम हो सकता है। उल्लेखनीय रूप से, छात्रों में नींद की समस्या अत्यधिक पाई गई।

हेटलैंड ने कहा कि इसका मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन और समग्र स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्क्रीन नींद के समय को कम करती हैं, क्योंकि वे आराम के समय को कम कर देती हैं, न कि इसलिए कि वे जागने को बढ़ाती हैं।

हेटलैंड ने कहा कि यदि आपको नींद आने में परेशानी होती है और आपको संदेह है कि स्क्रीन टाइम इसका कारण हो सकता है, तो बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग कम करने का प्रयास करें, आदर्श रूप से सोने से कम से कम 30-60 मिनट पहले इसे बंद कर दें।

उन्होंने कहा कि यदि आप स्क्रीन का उपयोग करते हैं, तो रात के दौरान व्यवधान को कम करने के लिए मोबाइल नोटिफिकेशन को बंद करने पर विचार करें। उन्होंने वैश्विक स्तर पर स्क्रीन के उपयोग और नींद के बीच संबंध को समझने के लिए आगे और अध्ययन किए जाने का आह्वान किया।

अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो युवा पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, उनमें उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ सकता है – जो हृदय संबंधी बीमारियों के लिए एक सामान्य जोखिम कारक है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.88 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.01 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.87 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.82 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.75 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.57 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.45 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.20 प्रतिशत |
| मारुति | 2.10 प्रतिशत |
| जोमैटो | 2.07 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 87,970 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 99,734 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.95 | 90.38 |
| पौंड स्टर्लिंग | 100.90 | 117.04 |
| यूरो | 84.13 | 97.57 |
| चीन युआन | 8.33 | 13.54 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5450-5550 |
| दाल चना | 6450-6550 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8300-8400 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# बांग्लादेश को होने वाले निर्यात में गिरावट




- भारत ने दक्षिण त्रिपुरा व सिपाहीजला में स्थापित किए थे दो सीमा हाट
- व्यापार व बाजार की लोकप्रियता उम्मीद के मुताबिक नहीं रही

**अगरतला,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से त्रिपुरा से इस देश को होने वाला निर्यात काफी घट गया है वहीं आयात की मात्रा लगभग स्थिर बनी हुई है।

त्रिपुरा की उद्योग और वाणिज्य मंत्री संतना चकमा ने सोमवार को को बताया कि चालू वित्त वर्ष (फरवरी तक) में त्रिपुरा ने बांग्लादेश से 625.14 करोड़ रुपए का सामान आयात किया, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 703.67 करोड़ रुपए और 2022-23 में 636.72 करोड़ रुपए था। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के फरवरी तक त्रिपुरा से बांग्लादेश को केवल 50.07 करोड़ रुपए का निर्यात किया गया। वहीं 2022-23 में यह 121.37 करोड़ रुपए और 2023-24 में सिर्फ 12.31 करोड़ रुपए था।

त्रिपुरा में भारत-बंगलादेश सीमा पर स्थित नौ में से आठ भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों (एलसीएस) में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, फिर भी औपचारिक व्यापार अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। दो देशों के बीच अनौपचारिक व्यापार को रोकने के उद्देश्य से भारत ने एक दशक पहले दक्षिण त्रिपुरा और सिपाहीजला जिले में दो सीमा हाट स्थापित किए थे, जिनमें से एक अभी भी 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण बंद है।

दक्षिण त्रिपुरा जिले में श्रीनगर सीमा हाट को पिछले साल नवंबर में दोबारा खोला गया था, जिसे बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद बंद कर दिया गया था। लेकिन, व्यापार और बाजार की लोकप्रियता उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। सीमा के दोनों ओर के पंजीकृत व्यापारियों में से आधे लोग साप्ताहिक बाजार के दिन अनुपस्थित रहे। कमजोर प्रतिक्रिया की आशंका के चलते, दोनों देशों के प्रशासन ने अब तक सिपाहीजला जिले के कस्बा सीमा हाट को फिर से खोलने का निर्णय नहीं लिया है। सूत्रों के अनुसार, त्रिपुरा से निर्यात में गिरावट के बावजूद सीमा के पास रहने वाले ग्रामीणों की मदद से चीनी, दवाइयां, सौंदर्य प्रसाधन और विभिन्न खाद्य पदार्थ बड़ी मात्रा में रोजाना बांग्लादेश भेजे जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को मछली, सीमेंट, खाद्य पदार्थ, निर्माण सामग्री, स्टील शीट, पीवीसी पाइप, सॉफ्ट ड्रिंक, रेडीमेड गारमेंट, मेलामाइन और कपास अपशिष्ट का निर्यात करता है। वहीं, भारतीय राज्य टूटे हुए पत्थर, मक्का, अगरबत्ती, अदरक, सूखी मिर्च, सब्जी के बीज, मसाले और बेल जैसी वस्तुएं बांग्लादेश को निर्यात करते हैं।

## एचबीएल इंजीनियरिंग को कवच के लिए मिले 762 करोड़ के ऑर्डर

**नई दिल्ली।** एचबीएल इंजीनियरिंग को सेंट्रल रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के लिए पांच ऑर्डर दिए हैं, जिनकी कुल कीमत 762.56 करोड़ रुपए है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस साल अब तक उसे कवच से जुड़े कुल 3618 करोड़ रुपए के ठेके मिल चुके हैं। ये ठेके 413 रेलवे स्टेशनों के बीच लगभग 3900 किलोमीटर के ट्रैक पर कवच प्रणाली लगाने के लिए दिए गए हैं और इन्हें पूरा करने में 18 महीने लगेंगे। कवच एक आधुनिक तकनीक पर आधारित सुरक्षा प्रणाली है, जो ट्रेन चलाते समय किसी गलती या आपातकाल में अपने आप ब्रेक लगा देती है। यह सिस्टम खासकर तब काम आता है जब लोको पायलट सही समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता या मौसम खराब होता है। रेलवे के अनुसार, ट्रैक पर कवच लगाने का खर्च लगभग 50 लाख रुपये प्रति किलोमीटर है और इंजनों में यह सिस्टम लगाने का खर्च करीब 80 लाख रुपए प्रति इंजन है। अब भारतीय रेलवे पूरे देश में इस कवच प्रणाली को बड़े पैमाने पर लगाने की योजना बना रहा है। फिलहाल, तीन कंपनियों को इस सिस्टम की आपूर्ति की मंजूरी दी गई है और बाकी कंपनियों का परीक्षण चल रहा है।

# 'नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल लांच करेंगी सीतारमण



**पोर्टल में चार मुख्य घटक शामिल**

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को 'नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल लॉन्च करेंगी। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई।

नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से विकसित यह पोर्टल, 1990-91 से 2022-23 तक की लगभग 30 वर्षों की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, पत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों से जुड़े डेटा का एक भंडार है। पोर्टल के चार मुख्य घटक हैं, जिनमें 28 भारतीय राज्यों के राजकोषीय परिदृश्य के सारांश की राज्य वार रिपोर्ट शामिल हैं, जो जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर बनी है।

दूसरा घटक एक डेटा रिपॉजिटरी है, जो पांच वर्टिकल जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा में वर्गीकृत संपूर्ण डेटाबेस तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।

तीसरे घटक में राज्य राजकोषीय और आर्थिक डैशबोर्ड शामिल है - जो समय के साथ प्रमुख आर्थिक घटकों को ग्राफ में दर्शाता है, जो समरी टेबल के जरिए अतिरिक्त जानकारियों या डेटा अपेन्डिक्स के जरिए रॉ डेटा तक क्विक एक्सेस उपलब्ध करवाता है।

चौथे घटक में रिसर्च और टिप्पणी शामिल है, जो राज्य के वित्त और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय नीति और वित्तीय प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर शोध पर आधारित है।

पोर्टल मैक्रो, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में मदद करेगा। पोर्टल यूजर फ्रेंडली फॉर्मेट के साथ डेटा तक आसान पहुंच को सुनिश्चित करेगा और और एक ही जगह कंसोलिडेटेड सेक्टोरल डेटा की जरूरत को पूरा करेगा।

# खुदरा निवेशकों ने बढ़ाई मांग, नई ऊंचाई पर सोने की कीमतें



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में रेसिप्रोकल टैरिफ की समय सीमा नजदीक आने के साथ ही सोमवार को सोने की कीमतें पहली बार 3,106 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सुरक्षित निवेश की ओर निवेशकों का आकर्षण बढ़ रहा है।

इस साल खुदरा निवेशकों द्वारा मांग बढ़ाने के कारण पीली धातु में 18 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। गोल्डमैन सैक्स, बैंक ऑफ अमेरिका और यूबीएस ने इस महीने सोने के लिए अपने मूल्य लक्ष्य बढ़ा दिए हैं। बोफा ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर नॉन-कमर्शियल खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो अगले 18 महीनों में सोना 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की संभावना है। एक नोट में कहा गया है कि अगर नॉन-कमर्शियल खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो आने वाले 18 महीनों में सोना संभावित रूप से 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। साथ ही, दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने पोर्टफोलियो को और अधिक कुशल बनाने के लिए अपने सोने की होल्डिंग को मौजूदा औसतन 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत से अधिक कर सकते हैं।

# भारत की प्रतिभाओं को निखारने का मौका देगा 'वेव्स 2025' : केंद्र




**भारत सरकार रचनाकारों की अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए 1 बिलियन डॉलर का कोष स्थापित करेगी : अश्विनी वैष्णव**

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में कहा कि कॉस्प्ले और मनोरंजन इंडस्ट्री में 1-4 मई को मुंबई में होने वाला 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025', भारत की बढ़ती रचनात्मक प्रतिभा (क्रिएटिव टैलेंट) को उजागर करने के लिए तैयार है।

मंत्रालय ने क्रिएटर्स स्ट्रीट, एपिको कॉन, तेलंगाना सरकार, आईसीए इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन, एमईएआई और टीवीएजीए के साथ मिलकर वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप की घोषणा की है, जिसे भारत की सबसे प्रतिष्ठित कॉस्प्ले प्रतियोगिता कहा जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के बढ़ते मनोरंजन और एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में रचनात्मकता और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

इस चैंपियनशिप में भारत के सबसे कुशल कॉस्प्लेर्स एक साथ आएंगे, जो एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें कॉस्ट्यूम डिजाइन, प्रदर्शन और कैरेक्टर पोट्रेट में उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन होगा। इन श्रेणियों में भारतीय पौराणिक कथाएं, पॉप कल्चर, एनीमे, मंगा और बहुत कुछ शामिल होगा, जो प्रतिभागियों को वैश्विक पहचान हासिल करने का अवसर मुहैया कराएगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उद्योग के प्रसिद्ध विशेषज्ञों, अंतरराष्ट्रीय मेहमानों और पेशेवर कॉस्प्लेयर्स द्वारा किया जाएगा।

प्रतियोगियों को जूरी चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले लाइव फिनाले में आगे बढ़ेंगे। विजेताओं को क्राफ्टमैनशिप, क्रिएटिविटी और परफोर्मेंस जैसे प्रमुख निर्णायक मानदंडों के आधार पर जीत का ताज पहनाया जाएगा।

**सार संक्षेप**

## ईद-उल-फित्र पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद रहा

**मुंबई।** ईद-उल-फित्र त्योहार के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब मंगलवार से सामान्य कामकाज हो सकेगा।

## रिप्लस का बैटरी विनिर्माण संयंत्र विस्तार का ऐलान

**नई दिल्ली।** बैटरी निर्माण कंपनी रिप्लस ने सोमवार को अपने वर्तमान एक गीगावाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) उत्पादन संयंत्र को अगले साल तक छह जीडब्ल्यूएच तक विस्तार करने की योजना का अनावरण किया। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस विस्तार में अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीकों को शामिल किया जाएगा ताकि भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईएसएस बाजार की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्नत रिप्लस छह जीडब्ल्यूएच संयंत्र को हाई-स्पीड ऑटोमेशन मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री का अपनाना और अगली पीढ़ी के उत्पादों का निर्माण जैसी विशेषताओं के साथ डिजाइन किया जाएगा। बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र एक सेल केमिस्ट्री और टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसमें उच्च ऊर्जा घनत्व सेल, ब्लेड सेल, भविष्य की सेल केमिस्ट्री जैसे एनए-आईऑन, एलएमएफपी और एलटीओ को संभालने की क्षमता होगी। इस संयंत्र से बनने वाले उत्पाद विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उपयुक्त होंगे, जिनमें ईवी यात्री वाहन, ईवी बसें, ईवी ट्रक और ग्रिड-स्तरीय नवीकरणीय संयंत्र शामिल हैं। इनमें एडवांस्ड बैटरी पैक्स और लिक्विड कूल्ड बीईएसएस कंटेनर सॉल्यूशन का भी निर्माण किया जाएगा।

## वोडाफोन आइडिया के ऑप्टिकल नेटवर्क का आधुनिकीकरण

**नई दिल्ली।** नोकिया ने घोषणा की कि वह भारत में प्रमुख मेट्रो और सर्किल स्थानों पर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को अपग्रेड और विस्तारित करेगा। कंपनी ने कहा कि अपग्रेड, जो नोकिया की अग्रणी ऑप्टिकल स्विचिंग तकनीक का उपयोग करता है, इसकी क्षमता को बढ़ाएगा, 4जी डेटा वृद्धि का समर्थन करेगा। इसके अलावा, नोकिया के उपकरण नेटवर्क का आधुनिकीकरण करेंगे, लचीलापन और दक्षता प्रदान करेंगे, और वोडाफोन आइडिया के 5जी रोलआउट को बढ़ावा देंगे। इस नेटवर्क ओवरहाल को सक्षम करने के लिए तैनात उत्पादों के व्यापक ऑप्टिकल सूट में नोकिया का 1830 फोटोनिक सर्विस स्विच प्लेटफ़ॉर्म और इसकी सीडीसी-एफ़ऊ 2.0 वेवलेंथ स्विचिंग तकनीकें शामिल हैं। इसके अलावा, नोकिया अपने बाजार में अग्रणी फोटोनिक सर्विस इंजन सुपर-कोहेरेंट ऑप्टिक्स, उद्योग में अग्रणी डेंस वेवलेंथ डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग और ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को भी तैनात करेगा।

# वित्त वर्ष 2026 में निफ्टी व सेंसेक्स से 8 से 12 प्रतिशत रिटर्न मिलने की उम्मीद



- 14-18 प्रतिशत है सेंसेक्स के लिए अनुमानित उछाल

**बेंगलुरु,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी से वित्त वर्ष 2026 में 8-10 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलने की उम्मीद है, जबकि सेंसेक्स से 8-12 प्रतिशत रिटर्न मिलने का अनुमान है।

घरेलू-केंद्रित कंपनियां अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी या कमोडिटी मूल्य मुद्रास्फीति जैसे जोखिमों को कम करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। लार्ज कैप प्राइवेट बैंकों से वित्त वर्ष 2026 में 14-16 प्रतिशत की ऋण वृद्धि (क्रेडिट ग्रोथ) देखे जाने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क इंडेक्स ने वित्त वर्ष 2025 में लगभग 7 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। इस रिपोर्ट में मार्च 2026 तक मौजूदा स्तरों से 12-16 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जिसका मतलब है कि 25 मार्च, 2025 से अगले 12 महीनों में 8-10 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न की संभावना है।

सेंसेक्स के लिए अनुमानित उछाल 14-18 प्रतिशत है, जिसका मतलब है कि इसी अवधि में 8-12 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिल सकता है। गोलफाई के संस्थापक और सीईओ रॉबिन आर्य के अनुसार, निफ्टी और सेंसेक्स की यह वृद्धि आय वृद्धि की वजह से मजबूती का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक और स्थानीय कारकों का कॉम्बिनेशन और एफआईआई प्रवाह की वापसी उच्च वृद्धि दर्ज करने में मदद करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक पर्यटन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कोविड से पहले सालाना 300 मिलियन से अधिक घरेलू तीर्थयात्री आते हैं, इसमें 10-12 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। मेडिकल टूरिज्म सेगमेंट में 18-20 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि का अनुमान है, जो 2026 तक 13-15 बिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश (2030 तक 100 नए हवाई अड्डे, 8-10 प्रतिशत वार्षिक सड़क विस्तार) कनेक्टिविटी को बढ़ाता है, जिससे बड़े स्तर पर समर्थन मिलता है। ग्रामीण मांग में सालाना आधार पर 5-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है और शहरी खर्च में 6-8 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी।

## 90 प्रतिशत भारतीय सीईओ ने निवेश को बताया विकास के लिए अहम

**नई दिल्ली।** लगभग 90 प्रतिशत भारतीय सीईओ का मानना है कि मौजूदा परिचालन और नए क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों, विलय, अधिग्रहण के जरिए निवेश विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईवाई-पार्थेनन सीईओ आउटलुक सर्वे- ग्लोबल कॉन्फिडेंस इंडेक्स 2025 के अनुसार, भारतीय सीईओ अपने ग्लोबल कॉम्पटीटर्स की तुलना में कारोबार करने की लागत, राजस्व और प्रतिस्पर्धी स्थिति को लेकर अधिक आश्वस्त बने हुए हैं। वे बहुत आशावादी हैं कि वे परिवर्तन के माध्यम से भविष्य के लिए अपने व्यवसाय मॉडल को सफलतापूर्वक फिर से तैयार कर सकते हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि 86 प्रतिशत सीईओ उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं, साथ ही उन्हें अगले 12 महीनों के लिए निवेश के लिए प्राथमिकता देने के बारे में सोचते हैं।

## डालमिया भारत ने 4.95 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य किया हासिल

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सीमेंट निर्माता कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4.95 करोड़ टन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसने 30 मार्च 2025 से बिहार में रोहतास सीमेंट वर्क्स प्लांट में अतिरिक्त 5 लाख टन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। मौजूदा एकीकृत इकाई में 96 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इस रणनीतिक विस्तार से प्लांट की कुल क्षमता 16 लाख टन हो गई है। लाइन 2 के चालू होने से पूर्वी क्षेत्र में अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को बल मिलता है और यह 2031 तक क्षमता को 11-13 करोड़ टन तक बढ़ाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पूर्व में हमारी वृद्धि क्षेत्र की विकास क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती है। इस विस्तार के साथ, हम प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति में योगदान करने की अपनी क्षमता को बढ़ा रहे हैं। यह मील का पत्थर टिकाऊ और रणनीतिक विकास के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम वित्त वर्ष 2025 तक 4.95 करोड़ टन के अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गए हैं, जो हमारे विस्तार की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजार में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया में ईद-उल-फित्र पर अवकाश के कारण आज कारोबार नहीं हुआ। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की बढ़त के साथ 45.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# मुंबई में रियल स्टेट के कारोबार में मजबूती

- पिछले 12 महीनों में बिक्री व स्टाम्प शुल्क संग्रह में लगातार तेजी बनी रही



**मुंबई में मार्च में अचल संपत्ति पंजीकरण, 10 प्रतिशत, स्टैम्प-शुल्क संग्रह 45 प्रतिशत बढ़ा : नाइट फ्रैंक**

**मुंबई,** 31 मार्च (वार्ता) मुंबई में मार्च 2025 में रियल स्टेट बाजार के कारोबार में उल्लेखनीय मजबूती दिखी और इस माह के दौरान 15,603 सम्पत्तियों के पंजीकरण के साथ राज्य सरकार को रिकॉर्ड 1,597 करोड़ रुपए के स्टाम्प शुल्क की प्राप्ति हुई । यह जानकारी रियल एस्टेट पारमर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने सोमवार को एक मासिक रिपोर्ट में दी।

रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2025 में महानगर में रियल एस्टेट संपत्तियों का पंजीकरण एक साल पहले इसी माह की तुलना में10.3 प्रतिशत अधिक रहा। इसी तरह इस बार मार्च में स्टाम्प शुल्कसंग्रह में सालाना आधार पर 45 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई। यह दर्शाता है कि मुंबई में इस दौरान अपेक्षाकृत अधिक उच्च-मूल्य वाली सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त बढ रही है। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में अनुसार महीने-दर-महीने आधार पर मुंबई संपत्ति पंजीकरण में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि स्टाम्प शुल्क संग्रह इससे पिछले माह की तुलना में 71 प्रतिशत प्रतिशत ऊंचा रहा। पिछले 12 महीनों में बिक्री और स्टॉम्प शुल्क संग्रह दोनों में लगातार तेजी बनी रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह उछाल मुंबई मेंमकान खरीदने वालों में बड़े उत्साह, मजबूत आर्थिक दशाओं और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास के मिले जुले सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। माह के दौरान पंजीकृत रियल एस्टेट सम्पत्तियों में आवासीय संपत्तियों का दबदबा बना रहा और माह में कुल पंजीकरणों में इनका हिस्सा 80 प्रतिशत था। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार महंगी सम्पत्तियों लेन-देन के चलते मुंबई में दैनिक स्टाम्प शुल्क संग्रह अप्रैल 2024 के 35 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2025 में 52 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। पंजीकरण संख्या की तुलना में राजस्व में वृद्धि बाजार में प्रीमियम रियल एस्टेट की ओर बढ़ते झुकाव की प्रवृत्ति की पुष्टि करती है।

दैनिक संपत्ति पंजीकरण भी अप्रैल 2024 में 388 इकाइयों से बढ़कर मार्च 2025 में 503 इकाइयों तक पहुंच गया। वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) 2024 - 25 में पंजीकरण में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जबकि इसी अवधि में स्टांप शुल्क संग्रह में 22 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वित्त वर्ष 2024-25 में 143,948 संपत्तियों का पंजीकरण दर्ज किया गया।

